सरदीस कलीसिया युग

... वो राजा। मेरा भाई मुझे अभी बता रहा था कि वहां पर ये रूमाल रखे हुए है, उन लोगो के लिए है जो कैंसर से मर रहे है। तो हम उनके लिए बस थोड़ी देर में प्रार्थना करेंगे। [भाई नेविल कहते हैं, "वहां ठीक दूसरी ओर दो प्रार्थना की विनंतीयां हैं।"—सम्पा।] दो विनंतीयां? तो ठीक है, मैं प्रार्थना करूँगा। ["उनमें से एक। दूसरी और एक विनंती है।"] तो ठीक है, श्रीमान। और मैं उन्हें यहां प्रार्थना करने के लिए रख देता हूं।

2 और तब किसी ने बस कुछ लिख कर भेजा है, उसने यहां आकर और उस पर कुछ लिख कर दिया है... जो कल की सभाओ के बारे में है। आप जो लोग हमारे यहां आना-जाना करते हैं, हमें निश्चय ही ख़ुशी होगी कि आप दोपहर दो बजे यहां आ जाये, कल दोपहर को, वे टेप की सभाओ को करने जा रहे हैं। और यदि आप कुछ व्यस्त नहीं हैं, तो एक संदेश को चलाया जायेगा जो—जो टेप आपने कभी नहीं सुना है उसे चलाया जाएगा और प्रार्थना सभा होगी, और—और हम कल दोपहर दो बजे एक अच्छे समय की अपेक्षा करते है। यह कल मेरे लिए एक बहुत ही व्यस्त समय होगा क्योंकि कल, देखो, मुझे रविवार की सुबह सभा को लेना है, और रविवार की रात को भी सभा लेना है, और कल रात को भी, और उन कलीसियाओ के सारे इतिहास को लेना है।

3 और अब, रविवार की सुबह, प्रभु की इच्छा हुई तो, हम एक महान समय की आशा कर रहे हैं, क्योंकि रविवार की सुबह हमारी छुट्टी का दिन होता है, एक प्रकार से छुट्टी होती है, तो शनिवार की रात को... जो लौदिकिया कलीसिया का काल लेना है। लेकिन रविवार की सुबह को मैं इसे लेना चाहता हूं: *सोई हुई कुवांरी,* और *वो पुनरुत्थान, वो चार... एक लाख और चौवालीस हज़ार,* और वे सारी छोड़ी हुई बातों को ले लूंगा, जो रविवार की सुबह के लिए संदेश को एक साथ जोड़ देगा। तो सभाये नौ बजे आरंभ होंगी। क्या ये सही है, पास्टर? रविवार की सुबह नौ बजे, जो हम उन सारी चीजों को लेना चाहते हैं, जैसे कि "उन सोई हुई कुंवारी का क्या होता है, और उन बुद्धिमान कुंवारी का क्या होता है? वे कब वापस लौटते हैं? या एक लाख और चौवालीस हज़ार कहां दिखाई देंगे?" और ऐसी ही

बहुत सी बातें रविवार सुबह के लिए हैं, जिसे सन्देश के साथ जोड़ने की कोशिश करूंगा, जो ठीक सन्देश के साथ जुड़ जायेगा। और फिर रविवार की रात को हम अंतिम महान दूत को ले लेंगे और लौदिकिया के संदेश को ले लेंगे, रविवार की रात, प्रभु ने चाहा तो।

4 और अब, फिर, कल दोपहर को यहां पर सभा होगी, जो एक टेप की सभा है। भाई जीन ने मुझे अभी बताया कि वे... हम कल दोपहर दो बजे आरंभ करेंगे। और आप लोग जो संदेशों को सुनना चाहते हैं, वेदी पर आकर प्रार्थना करना चाहते हैं, आप जो पवित्र आत्मा के लिए देख रहे है या कुछ तो और, अद्भुत समय के लिए देख रहे हैं। कलीसिया अच्छी और गर्म है, खुली है, और किसी भी समय पर किसी के लिए भी खुली है, जो अंदर आकर और प्रार्थना करना चाहते है और प्रभु को पाना चाहते है। कलीसिया खुली हुई है और प्रतीक्षा कर रही है। और हम... हम आपसे अपेक्षा कर रहे हैं, इसे इसी तरह से रखें, कल दोपहर के लिए आपसे यही अपेक्षा होगी।

5 या किसी भी समय आप प्रार्थना करने के लिए कलीसिया में आना चाहते हैं, क्योंकि, यह हमेशा ही तैयार है। और यदि वे इस तरह से दरवाजे को बंद करते है या ऐसा ही कुछ तो और, तो वहां सड़क के पार, मेरा भाई रहता है, जो यहां का कार्यवाहक हैं। मुझे लगता है कि उनका (पता) 411 है, मैं सोचता हूं कि... या 811 (क्या ऐसा है... ?) 811, बस लगभग कलीसिया से यहां कोने के मोड़ पर ही है, 811। वो क्यों... उनकी पत्नी के पास चाबी रखी होगी, यदि वे पूरी तरह दरवाजे को बंद करते हैं और उस पर ताले को लगाते है, लेकिन वे शायद सुबह को इसे खुला छोड़ देते है, इसे खोल देते है। या, सभा के बाद, रात में बंद कर दिया जाता है, ताकि बच्चे लोग इसमें यहां-वहां न दौड़े, आप जानते होंगे, और वे खिड़कियों को तोड़ देंगे और इत्यादि; आप तो जानते हैं कि बच्चे कैसे होते है, विशेषकर इस दिन में। तो हम इस वजह से बंद कर देते हैं। हम यहां तक इस बात को पसंद भी नहीं करते कि किसी भी समय कलीसिया का दरवाजा बंद रहे। हो सकता है कि जब एक दूसरा स्थान मिल जायेगा, तो हम इसे वैसे ही खुला रखेंगे तब यह भिन्न बात होगी, और हम... कोई भी व्यक्ति किसी भी समय पर वहां उपस्थित हो सकता है जिससे कि लोग इसमें आकर और प्रार्थना कर सकते है, और चंगाई को पा सकते है, पवित्र आत्मा को मांग सकते है।

6 आप, जिन्हें जीवन में पवित्र आत्मा नहीं मिला है, नीचे आकर, यहीं पर बने रहे, बस पूरी रात बने रहे, यदि आप चाहे तो बस तब तक रहे जब तक आप इसे प्राप्त नहीं कर लेते।

7 कौन था जो यहां कुछ समय पहले गा रहा था, "परमेश्वर पूरी तरह से मुझ पर है और परमेश्वर हर स्थान पर है"? मुझे—मुझे ऐसा लगा कि रेपचर आ गया है; मैं, वहां यहाँ-वहां देख रहा था, और देख रहा था कि क्या हर कोई आसपास था। यह वास्तव में अद्भुत था; मैं इसकी सराहना करता हूं। हम लगभग किसी भी समय उस पर थोडा बने रह सकते हैं। जी हां, श्रीमान। यही... मैं बस उसी वक्त आया, जिससे कि मुझे ये सुनने के लिए समय मिला।

8 और मैं इन सभाओ में सारे अच्छे गीतों को सुनने से चूक गया, क्योंकि मैंने सोचा कि हो सकता है... ओह, मैं बस इतना व्यस्त था, आप जानते हैं कि यह किस तरह से होता है। लोग—लोग हवाई जहाज से, ट्रेन से... से आते हैं। आप—आप ये कभी भी नहीं जानते होंगे, आप देखे, क्योंकि यह तभी उनके फोन आते रहते है, आपको उनके पास जाना पड़ता है, उनसे मिलना पड़ता है और उनके लिए प्रार्थना करनी होती है, और हर जगह से। ऐसा बस लगतार होते आ रहा है, और फिर अध्ययन करने की भी कोशिश करता हूं; इसी से बहुत अधिक इसकी समस्या होती है। लेकिन हमें हमेशा लोगों से मिलने पर प्रसन्नता होती है और उनके लिए वो करना जो हम कर सकते हैं, क्योंकि ये... यही हमारा... हम इस दिन में प्रभु यीशु मसीह के लिए एक सार्वजनिक दास है, उसके लोगों के लिए। और हम जितना करते हैं उससे अधिक करना पसंद करते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाते है।

9 एक सेवक आज सुबह पहुंचा, जिसकी मानसिक स्थिति खराब हो गयी थी, बस उसकी हालत ख़राब होती जा रही थी, वो भला व्यक्ति है। और क्योंकि वह... उसने तब बहुत अधिक काम को किया था। वो... वह उठने लगा, और उसकी छोटी लड़की कमरे में खड़ी हुई थी, वह बस यहाँ-वहाँ चक्कर लगा रही थी। उसने छोटा लाल पजामा पहना था; उसने कहा आखिरी बात जो उसे याद है, वो थी, छोटी लाल बिंदू, गोल-गोल, गोल-गोल ओर, गोल-गोल घूम रही थी, इस तरह से। वे बाहर निकले, देखो। और इसलिए वे उसे तुरंत लेकर गये। तो यह—यह बस बहुत ही

अधिक काम करने से हुआ, आप देखते हैं। आपको—आपको याद होगा कि आप शारीरिक हैं और हम—हम चाहते हैं... हमें लगता है कि सारा बोझ हम पर ही पड़ा है। लेकिन, आप जानते हैं, परमेश्वर के पास, उनमें से कुछ लोगों का ध्यान देने के लिए हर जगह दास है, और इसलिए हम बस सबसे अच्छा करते है जितना हम कर सकते हैं। लेकिन एक अनुग्रहकारी सेवक अपने प्रभु के लिए इस अंतिम दिनों में वह सब करने की कोशिश करता है जो वो कर सकता है। मुझे पक्का है कि... और प्रभु ने उसे वहीं पर छुटकारा दिया, वो अब वो ठीक है, और प्रभु ने उसे ठीक वापस वहां पर सामान्य रूप से लाया, बिल्कुल ठीक, आनन्दित होते हुए अपने रास्ते पर निकल गया।

10 और, ओह, आज एक बड़ी बात घटित हुई। मैं बस उन चीजों पर आरंभ नहीं करना चाहता, लेकिन... आप जानते हैं, मैंने अपनी पत्नी को बताया, मैंने कहा, "अब, वहां पर कोई तो आएगा, और वह एक पुरुष होगा, जो छोटे कद का, गठीला, काले बाल और काली आँखा है, वह उस चिन्ह को समझ लेगा और आरंभ... लेकिन तुम उसे बुलाओगी, देखो।" मैंने कहा, "क्योंकि प्रभु के पास उसके लिए एक संदेश है।" और मैंने खुली बाईबल को ऊपर उठाया, और मैंने कहा, "मैं इन बातों को यहां रखने जा रहा हूं ताकि आप देखें कि वास्तव में यही है वो जो प्रभु उससे करवाना चाहता हैं।"

11 आठ वर्ष पहले, पोलैंड का एक पोलिश मनुष्य, पोलैंड में खड़ा हो गया... एक सभा में वह मंच पर आया और उसने कहा... या पवित्र आत्मा ने उसकी ओर देखा, उसे बताया, "तुम बस उलझन में हो।" यह वही है... उसने सोचा कि इसे मैंने कहा है, लेकिन पवित्र आत्मा ने कहा था। यह उसके साथ हर समय बना रहा, और अत: उसे कल रात को कैनसास शहर से इमारत में लेकर आया और फिर उस पानी के बपतिस्मे के बारे में सुनकर, वो वास्तव में उलझन में पड़ गया था। वह अपने होटल गया, और पवित्र आत्मा ने कहा, "अभी उठो और वहां पर जाओ।" कोई तो उसके साथ आना चाहता था, लेकिन उसने इसे मना कर दिया क्योंकि दर्शन में वह अपने आप से आता है। समझे? और इसलिए... और वह, सज्जन पुरुष की तरह था, चिन्ह को समझने के लिए, उसने बढना आरंभ किया, वो वापस पीछे की ओर मुडा, और पत्नी ने उसे बुलाया और मैं दरवाजे के पास गया, मैंने कहा, "यही—यही है वो, उसे आने दो।"

12 उसने कहा, "मुझे क्या करना चाहिए?" उसके बाद उसने समझ लिया, उसने कहा, "अब मैं इसे देखता हूं।"

मैंने कहा, "मैं आपको यह दिखाना चाहता हूं जिससे कि आप अब इसे जान जाये, आप देखना।" मैंने कहा, "प्रभु ने मुझे बताया कि आप आ रहे है।" आप इस बात को उससे पूछ सकते हैं। मैंने कहा, "अब, यहां पर वो वचन है। आगे बढ़ने से पहले इसे ठीक यहीं पर पढ़ें।"

13 तो ठीक है, वह अब यहां पर है, यीशु मसीह के नाम पर बपतिस्मा लेने वाला है। तो... ? ... वह अब हो सकता है, यहां पर बैठा हुआ हो, जहाँ तक मैं जानता हूं। क्या आप यहां हैं, भाई? एक भाई, एक पोलिश भाई। हुंह? हाँ, पीछे कोने में यहां है वो, जी हाँ। खड़े हो जाये... अपना हाथ ऊपर करे जिससे कि वे आपको वहां देख सकते है। तो ठीक है। पवित्र आत्मा को देखने के लिए... ऐसा बस हर समय होता आया है। बहुत से लोग सोचते हैं कि दर्शन केवल मंच पर आते हैं। ओह, इससे यह आरंभ नहीं होता है। इसके बारे में क्या है, भाई लियो? बस हर कहीं पर, देखें। खैर, यह यहां इसके लिए छोटा सा ही स्थान है। ये तो बस यहां पर थोड़ा बहुत होता है। वहां बाहर जहाँ यह दिन-रात होता रहता है, आप देखे। जी हाँ, मेरी पत्नी से पूछें, और वह... या उनसे, और जो मेरे पड़ोसी है, जो वहां पीछे रहते है, भाई वुड, और उन सबसे जो आस-पास रहते हैं। ओह, प्रभु! ये तो यहां छोटी-छोटी चीजें होती हैं; यह बड़ी चीजें हैं जो वहां पर होती है। अब, और वो आधा, अब तक नहीं बताया गया है। ओह! मैं इसके लिए बहुत ही खुश हूं, यह जानकर कि हमारा प्रभु जल्द ही आने वाला है और हम तब उसके साथ हमेशा के लिए रहने वाले हैं; ना ही *हमेशा के लिए,* लेकिन *अनंतता,* अनंतता के लिए।

14 अब, प्रभु ने चाहा तो, मेरा सोचना है कि ये अठारह तारीख है, रविवार को, एक सप्ताह बाद। रविवार, एक सप्ताह के बाद, अठारह तारीख। एक भयानक लड़ाई हुई थी; शैतान मुझे इस फ़्लू को देने की कोशिश कर रहा था, जिसे वो यहां लेकर आया, मैं तब उसे वापस सौंप रहा था; और वह उसे मुझे सौंप देता था, और मैं उसे वापस सौंप देता। तो... और सो मैंने सचमुच एक छोटी सी लड़ाई लड़ी है। तो हो सकता है हमारी ऐसी ही अगले हफ्ते लड़ाई होगी। और फिर, प्रभु ने चाहा तो, अगले रविवार तक, अठारह तारीख को। और हम बीमार लोगों के लिए प्रार्थना करने के लिए छोटी सी

सभा को लेने का प्रयास करेंगे, क्योंकि वे... कुछ बातें आगे और पीछे और आगे और पीछे हो रही है और जो वास्तव में आपातकालीन स्थिति है, हम जितना जल्दी कर सकते है, इस बात का ध्यान रखने का प्रयास कर रहे हैं; और समय का, हर रोज रात के समय का और हर एक चीज का, जो लोग आयेंगे और जायेंगे। तो अठारह को हम एक नियमित रूप से चंगाई की सभा करने जा रहे हैं। और यदि आप अपने कुछ प्रियजन के लिए, जो चाहते हैं कि आप उनके लिए प्रार्थना करें, तो आप उन्हें लेकर आ सकते है, या उन्हें उस समय पर लेकर आये।

15 अब, जेफरसनविले के बहुत से लोग मुझे बता रहे थे, उन्होंने कहा कि वे यहां पहुँचने के लिए समय पर आ जाते हैं, लगभग पांच बजे, उन्होंने कहा कि उनकी कारों को खड़ा करने के लिए और जगह नहीं होती है (या छह बजे)। तो वे... मैंने कहा, "ठीक है, आप... यह हमारे अतिथी भाई लोग है, जो हर कहीसे आते है, बहुत से तो सेवक लोग हैं।" मैंने कहा, "वे—वे इस शिक्षा पर ही बने हुए हैं।"

16 और हम केवल मुख्य बातों को देने का प्रयास कर रहे हैं। और फिर कुछ समय के बाद, क्योंकि, हमारे पास यह पुस्तक के रूप में होगा, जिससे कि आप इसे पढ़ सकते है और—और इसे थोड़ा—थोड़ा कुछ और इसमें जोड़ा जाएगा, क्योंकि रात में... आपने ध्यान दिया होगा, पिछले कुछ रातो से, मैं कोशिश कर रहा हूं, अपनी आवाज को संभाल रहा हूं, आप देखें, क्योंकि वो बड़ा अंतिम चरण बिंदु, यही है वो जिसे मैं देखना चाहता हूं; जहां पर इस युग में मसीह के प्रकाशन को बताया जाना है, देखे, कि ये प्रकाशन क्या है।

17 और अब, इससे पहले कि हम वचनों को पढ़ना आरंभ करे... और मैं जानता हूं कि कल बड़ा व्यावसाय का दिन है, जब हम सभी को अपने लिए, शनिवार की रात को, घर के लिए राशन का सामान लाने जाना पड़ता है। और हम इसे शनिवार दोपहर या शनिवार की सुबह को कभी तो इसे ले लेंगे, जिससे कि कलीसिया में आने के लिए शनिवार की रात को हमें समय मिल सके। इसलिए हम आज रात जल्दी बाहर निकलने का प्रयास करेंगे, तो जिससे कि आप बहुत अधिक थक ना जाये, आपको ये कल मिल सके, और उसके बाद दोपहर की सभा के लिए वापस आ जाये जो

सभा भाइयों के साथ होगी, टेप की सभा के लिए और—और ये कल रात को भी होगी।

अब, क्या हम प्रार्थना के लिए बस कुछ क्षण के लिए खड़े हो सकते हैं, यदि आप चाहे तो।

18 मैं सोचता हूं, इससे पहले कि हम प्रार्थना करें, यदि किसी के पास यहां प्रार्थना के लिए विशेष विनंती हैं, तो क्या आप इसे केवल हाथ को ऊपर उठाकर ज्ञात करवायेंगे। परमेश्वर देखता है। अब आप देखे चाहे हम एक जरूरतमंद संसार में हो या नहीं हो, भाइयों। मैं सोचता हूं कि निन्यानबे या अठानवे प्रतिशत श्रोतागण ने अपने हाथों को उठाया है, फिर... अब, याद रखें, परमेश्वर के इसे जाने बिना यहाँ तक आप आगे बढ़ भी नहीं सकते है। समझे? वह आपके इरादों को जानता था, वह जानता था कि आप क्या मांग रहे थे।

आइए हम अपने सिरो को झुकाये:

19 स्वर्गीय पिता, हम आज रात आपकी पवित्रता की ओर बढ़ रहे है, आपके सिंहासन की ओर, आपकी प्रतिज्ञा के जरिये से जो आपने कहा था कि आप सुनेंगे। और यदि हम विश्वास करें, तो आप हमें वही देंगे जो हमने मांगा था। और हम अपनी सारी गलतियों को स्वीकार करते हैं। हम महसूस करते है, प्रभु, कि हम—कि हम आपकी किसी भी आशीषो के योग्य नहीं हैं। हम—हम अयोग्य हैं। हम पूरी तरह से अयोग्य हैं, और हम उस तरह से नहीं आये हैं, जैसे कि हम—हम योग्य हो और—और या हमने कुछ तो शानदार किया है। हे पिता, जब हम कलवरी को देखते हैं, जो हमसे सारी महानता को निकाल देता है, हम—हम तब और कुछ नहीं जानते सिवाय मसीह और उसे क्रूस पर चढ़ाये जाने के। फिर जब हम देखते हैं कि वह वचनों के अनुसार तीसरे दिन जी उठा, हमारे धर्मीकरण के लिए, पवित्र आत्मा के रूप में चालीस दिन बाद वापस लौटा, हमारे साथ रहने के लिए जब तक कि वो अंतिम समय में आकाश में दिखाई नही देता। और हम देखते हैं कि अंत समय अब तेजी से वास्तविक होता जा रहा है। और हम सबसे आनंदित लोग हैं, प्रभु, इसलिए कि—कि आपने हमें इस महान सौभाग्य को दिया है।

20 मैं बहुत धन्यवादित हूं, पिता, कि ये सुनने वाले श्रोतागण झुके हुए ह्दय के साथ बैठे हुए है, और सुन रहे है... ? ... और फिर, प्रभु, मैं प्रार्थना

करता हूं कि आप आज रात मेरे होठों को पवित्र करेंगे, और ऐसा हर रात और हर बार हो जब मैं आपके लोगों से बात करने के लिए आपके पुलपिट पर आऊं; क्योंकि प्रभु, मैं कभी कुछ गलत ना बोलने पाऊं। आपके पास अब भी मुंह बंद करने की सामर्थ हैं, जैसे आपने दानिय्येल के साथ शेरों की मांद में किया था। और यदि मैं कभी भी कुछ भी ऐसा कहता हूं जो आपकी इच्छा के अनुसार नहीं, तो मेरे मुंह को बंद करे, परमेश्वर, कि मैं इसे ना बोलू। मेरे विचारों को एक तरफ करे; मुझे सही रास्ते पर रखे, प्रभु, जहां मैं सत्य के अलावा और कुछ ना बोलूं। क्योंकि मैं समझता हूं कि उस महान दिन में ये लोग उस ओर प्रतीक्षा कर रहे होंगे... उस सेवकाई के अनुसार प्रतीक्षा कर रहे होंगे जिसे मैंने उन्हें प्रचार किया है। यदि आप अपने किसी भी तारे, और आपके दूत, आपके सेवको को लेने के लिए—के लिए आते है, पहले उनकी ताड़ना किया जाना है, इन संदेशों के अनुसार जिसे हम यहां प्रचार करते आ रहे है। आप उन्हें जिम्मेदार ठहरायेंगे, जो आपके सेवक गण है।

21 अब, पिता, मैं प्रार्थना करता हूं कि आप पवित्र आत्मा को बोलने देंगे और मनुष्य को नहीं। हमारे ह्रदय का खतना करें कि हम उसे सुन सकें। मैं सुन रहा हूं, पिता। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप बीमारों और पीड़ितों को चंगा करेंगे। सभी लोगों को जो हर कहीं, आवश्यकता में है, उन पर अनुग्रह करें और आपकी दया उनके साथ हो। हर एक विनंती को प्रदान करे, जिसे आज रात हाथ को उठाकर ज्ञात करवाया गया था। देश भर में, जबकि बहुत से अन्य लोग पीड़ित हैं, ये रूमाल भी जो उन्हें दर्शाते हैं, और इन विनंतीयों को यहां मेरे हाथ के नीचे रखे हुए हैं, पवित्र आत्मा इसका उत्तर दें, पिता, और बीमारों को चंगा करें। आपके लिखे हुए वचन के जरिये से, पवित्र आत्मा के द्वारा अब हमसे बात करें, हम यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन। बैठ जाये।

22 अब, आज रात यह कलीसिया में थोडी गर्मी है। बडा लौदिकिया कलीसिया काल आगे आ रहा है। और आज रात हम उस महान कलीसिया के समीप जा रहे हैं जो कि पांचवा कलीसिया काल होगा। हमने पहला कलीसिया काल लिया, जो इफिसुस है। हो सकता है कि मैं आरंभ में इसे फिर से पढ़ूं, उन सभी को लिखा गया था और इसलिए मैं उन्हें आपके लिए फिर से पढ़ना चाहता हूं जिससे कि आप अपने लिखे हुए पन्नो से मिला सकते है।

23 पहला कलीसिया काल इफिसियों कलीसिया काल था, जो कि A.D. (ईसा पश्चात) 55 से 170 तक था। पौलुस वो तारा था, और यह पहला कलीसिया काल था। "काम जो प्रेम के बिना थे" ये परमेश्वर का अभियोग था। इनाम था "जीवन का वृक्ष।"

24 दूसरा कलीसिया का काल 170 से 312 था, उस दिन का दूत इरेनियस था। और अभियोग एक सता... महासंकट, और एक सतायी हुई कलीसिया। इनाम था, "जीवन का ताज।"

25 तीसरा कलीसिया काल पिरगमुन था, संत मार्टिन उस कलीसिया का दूत था। कलीसिया का काल 312 से 606 तक था। अभियोग था, "झूठी शिक्षा, शैतान का झूठ, पापल राज्य की नींव, और कलीसिया का विवाह और राज्य का एक साथ था।" इनाम था "छिपा हुआ मन्ना, और एक सफेद पत्थर।"

26 और चौथा कलीसिया काल थुआतीरा था; कोलंबा जो उस कलीसिया काल का दूत था; 606 से 1520 और इस कलीसिया के काल में पापल का बहकाना था, अंधकार काल। (जिसे पिछली रात को लिया था, आप जानते हैं, अंधकार का काल।) और इनाम था, "राष्ट्रों पर राज्य करने की सामर्थ, और भोर का तारा," दूत के लिए।

27 अब, आज रात, हम पाँचवें कलीसिया काल को आरंभ कर रहे हैं, जो कि, सरदीस कलीसिया काल है, S-a-r-d-i-s सरदीस। और इस कलीसिया काल का संदेशवाहक मार्टिन लूथर था, जो बाइबल के विद्वान या इस शिक्षा के लिए जाना माना जाता है, या मेरा मतलब आज आम जनता के लिए परिचित है। और ये कलीसिया काल 1520 में आरंभ हुआ और 1750, 1520 से 1750 में समाप्त हुआ; और जिस काल को हम "सुधारको का काल" कहते हैं। और अभियोग था "अपने खुद के नाम का उपयोग करना।" और जो थोडे शेष बचे हुए थे, उनके लिए इनाम था, "उसके सामने सफेद वस्त्र में चलना, और मेम्ने की किताब में उनके नाम।" जैसा कि हम अब जैसा कि अभी हम हाथो में लेते हैं, प्रभु हमें आशीष दें।

28 अब हम इस कलीसिया काल के तीसरे अध्याय के पहले पद पर आरंभ करते हैं। सरदीस को संदेश, जो सुधारको का समय काल था। कुछ ही संख्या में विश्वास करने वाले बचे हुये लोग, जो बस लगभग बाहर ही थे।

29 अब कुछ नए आये हुए लोगो के लिए, हो सकता है यहां इसे कहूं, कि... इसलिए कि आप इन बातों से पीछे न रह जाये। बल्कि ये अधूरा है, और कुछ समय में हम आयेगे जहां हम अपने संदेशों को रख सकते हैं... इसे दोपहर में आकर यहाँ ऊपर चित्रित करके और इसे ऊपर लगायेंगे; हो सकता है इसे रविवार को करे। अब, ये प्रत्येक कलीसिया कालो को दर्शाता हैं... एक, दो, तीन, चार, पांच, छह, सात। *यह* फिलेदिलफिया के साथ आरंभ...

30 और यहां *यह* ऊपर उस—उस पेंटीकोस्टल की सामर्थ को दर्शाता हैं, या एक कलीसिया को जो पेंटीकोस्ट पर थी। यह शुरुआत में काफी बड़ी कलीसिया थी, लेकिन उन्होंने एक—एक—एक संप्रदायिक आत्मा को उनके बीच आने दिया, जो कि कलीसिया को संप्रदाय बनाने की कोशिश कर रही थी, जिसे "नीकुलइयों के कार्य" कहा जाता था। क्या आप मुझे वहां पीछे सुन सकते हैं? हाँ? तो ठीक है। "नीकुलइयों के कार्य।" अब, यह अब तक एक *शिक्षा* नहीं थी। और फिर हमने इस शब्द को लिया और इसे अलग-अलग किया, जो था "कार्य," जो था "नीकुलइयो।" यह हमारे लिए एक अनजान नाम है, नीकुलइयो, इसलिए मैंने इसे यूनानी से लिया और इस शब्द को अलग-अलग किया। और *निकु का* अर्थ होता है "पराजीत करना," या "विजय को पाना," या "कुछ तो तख्ता पलट करना।" नीकुलइयो, *लइयो* कलीसिया है, "साधारण जनता।" नीकुलइयो, एक—एक ऐसे कार्य जो साधारण लोगो का तख्ता पलट करने का प्रयास कर रहा था, और सारी आशीषो को डाल सिया... और उन्होंने ऐसा किया कि केवल एक ही होगा जो बाइबल को पढ़ेगा, केवल एक ही होगा जो अनुवाद को देगा, वो होगा बिशप या कोई तो कलीसिया का बड़ा प्रधान व्यक्ति ऐसा करेगा।

31 तब हम पाते है, दूसरे कलीसिया काल में, यह बाहर निकलने के मार्ग के लिए दबाव को आरंभ करता है। *यह* अब भी पेंटीकोस्ट है; और *यह* संप्रदाय (डीनोमिनेशन) है (डी)।

32 अब, तीसरे कलीसिया के काल में, पिरगमुन, पेंटीकोस्ट को लगभग निचोड़ दिया गया था। लेकिन संप्रदाय की शिक्षा, यह यहां "कामो" से होते हुए *यहां* "शिक्षा" बन जाती है। तब वे वास्तव में ठीक यहीं पर विवाह कर

लेते है। उन्होंने विवाह कर लिया!... यहां इस समूह ने पेंटीकोस्टल समूहों को वश में कर लिया था।

33 अब जिस तरह से मैं कह रहा हूं भाईयों, यह सच्चा कथन है। यह इतिहास के पवित्र लेख के अनुसार है। निसियन परिषद की वे किताबें, *फॉक्स बुक ऑफ मार्टयेर* (फॉक्स की शहीदों की किताब), और सारे महान प्राचीन लेखन। मेरे पास वहां कुछ सबसे पुराने हस्तलिखित लेख हैं। और हर एक... मैं ऐसा नहीं कहता... मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैं पेंटीकोस्ट हूं। इसका मतलब यह नहीं है... जब मैं कहता हूं "पेंटीकॉस्ट," तो इसका मतलब इस दिन के संगठन से नहीं है जिसमें हम रह रहे हैं। यह तो उतना ही दोषी है जैसे कि वे बाकी के सब है। लेकिन मेरा अर्थ वास्तविक पेंटीकॉस्ट से है, जो मूल सिद्धांत के साथ, परमेश्वर की वास्तविक आत्मा, मूल आशीषो के साथ, मूल नामों के साथ, हर एक चीज बिल्कुल ठीक उसी तरह से है, जैसे ये आरंभ में शुरू हुआ जैसे ये बाइबल में से होते हुए चला गया।

34 अब, जब हम *इस* काल में आते हैं, तो आप देखते हैं कि पेंटीकोस्ट कितना दूर निकल आया है। क्या आप इसे पीछे ठीक तरह से देख सकते हैं? क्या आप इसे वापस वहीं कर सकते हैं? तो ठीक है। अब, यहां हम कल पिछली रात को इस पर आये, वो महान काल जिसमें हम *यहां* हैं, कांस्टेंटाइन, कांस्टेंटाइन, *c-o-n-s*; मैं इसे लगा दूंगा। वह एक पागान होने की वजह से,... *यहां* इन मसीहो से कहा (उनसे, जिनके पास नीकुलइयों की शिक्षा थी) यदि वे प्रार्थना करेंगे कि कोई तो एक लड़ाई को वो जीत लेगा, तो, वह एक मसीही बन जाएगा। उस समय के दौरान जब वो उस युद्ध में था, उसने एक सपना देखा कि उसे चाहिए... एक सफेद क्रूस के जरिये से, जो उसके सामने रखा गया था, उसने कहा, "इसके जरिये से तुम जीत जाओगे।" और यह सही बात है। उसके बाद उसने अपनी सेना को नींद से उठाया और उनकी ढाल पर सफेद क्रूस को चित्रित किया, और यही उसका जन्मस्थान था या कैथोलिक की विधि की शुरुआत थी, जिसे आज, कोलंबस के शूरवीर करके बुलाया जाता है।

35 अब—अब, कांस्टेंटाइन, वहां... आप इतिहास से ऐसी एक चीज को नहीं बटोर सकते है, कि वो परिवर्तित हुआ था। वह एक धोखेबाज़ राजनीतिज्ञ के अलावा और कुछ नहीं था। उसके दिमाग में यह विचार था

कि—कि अपने राज्य को एकजुट करे और इसे मजबूत बनाये। तो वह अपने आप में, पागान होने की वजह से, मूर्तियों की आराधना करता था; तब उसने देखा कि नीकुलइयो की शिक्षा ने एक जगह पर लगभग निचोड़ लिया था, इसलिए उसने उसी रणनीति का इस्तेमाल किया जो हमने कल रात को देखा था।

36 और यीशु ने इसे पूरा होने से तीन सौ से चार वर्ष पहले ही भविष्यवाणी की, थी कि वो बालाम की शिक्षा को सिखाएगा। किस तरह से बालाम ने इस्राएल के बच्चों को भरमाया, उसने उन्हें व्यभिचार करने के लिए प्रेरित किया और—और इस बात की पेशकश की... की, मूर्तियों को चढ़ाने के लिए चीजो को लिया, उन चीजों को खाया। अब, हम जानते हैं कि "उन मूर्तियों पर चढ़ायी हुई चीजों को खाया," वास्तव में यह क्या था, उसकी आराधना करना था। वे अंदर जाकर, वे मूर्तियों के सामने झुक रहे थे, मूर्तियों को मसीही कलीसिया में वापस रख रहे थे; ठीक वैसे ही जैसे कि बालाम ने वहां पहले किया था, इस्राइल से व्यभिचार करवाया, मूर्ति के उस बड़े पर्व में लेकर गया।

37 तो ठीक है, कॉन्स्टेंटाइन ने अपनी रणनीति के साथ ऐसा ही किया, और उसने एक कलीसिया बनायी। उसने निसियन परिषद के लिए बहुत कुछ दिया, और फिर वे... उसने एक—एक बहुत सी बड़ी-बड़ी इमारते बनायी जो उसके पास थी, और उसने इन इमारतों को कलीसियाओ में बदल दिया। और फिर उसने एक बड़ी संगमरमर की वेदी बनाई, जिसे सोने और रत्नों से सजाया गया। वहां ऊपर उसने एक सिंहासन की तरह रखा, और उसने एक मनुष्य को एक प्रधान की तरह बनाया... उसे तब "बिशप" कहा गया। और उन्होंने उसे इस सिंहासन पर बैठा दिया, बोनिफेस III (तीन) को सिंहासन दिया गया। ना ही केवल वो ऐसे ही कपड़े पहनकर के यहां-वहां चलता था, जैसे वो—वो अनाडी पहनते है, लेकिन उन्होंने उसके लिए एक—एक शानदार अच्छे वस्त्र बनवाये और उसे एक देवता की तरह कपड़े पहनाकर और उसे वहां पर बैठा दिया और, उसे "पादरी" कहकर बुलाया। पादरी, या *विकरिव्स फिली डी,* इसका अर्थ है "परमेश्वर के पुत्र के बजाय।"

38 अब, यहां उसके पास जिसके पास बुद्धी है, अंकित करके, इसे लिख दिया: *विकारिव्स फ़िली डी*। और फिर जब आप यहां नीचे एक रेखा को

खींचते हैं और संख्याओ को जोड़ते हैं, और आपको ठीक वैसा ही मिलता है जैसा परमेश्वर ने कहा था जो पशु की छाप थी: छः सौ छियासठ। देखिए, विकरिव्स फिली... अब, मैं रोम में गया हूं और वेटिकन में गया हूं। और तिगुना ताज: नरक, स्वर्ग और पवित्रता का न्याय अधिकार। समझे? मुकुट को देखा, वस्त्र को देखा, ठीक सब वहीं पर देखा।

39 असल में, गुरुवार दोपहर को तीन बजे मैं *आखिरी* पोप से मिलने वाला था जो वहां पर था। बैरन वॉन ब्लोमबर्ग... और उसके बाद उसने कहा, "अब, जब आप वहां जाये, भाई ब्रंहम, पहली बात जो आपको करना है अपने दाहिने घुटने पर झुकना है और (पोप) उसकी अंगूठी को चुंबन लेना है।"

40 मैंने कहा, "ऐसा तो होगा ही नहीं। ऐसा तो होगा ही नहीं। बस ये तो भूल जाये।" मैंने कहा, "मैं देता हूं... मेरे पास उस मनुष्य के विरोध में कुछ भी नहीं है, वह... ? ... " लेकिन मैंने कहा, "एक चीज है, मैं एक मनुष्य को उसकी उपाधि दूंगा। यदि वह 'रेवरेंड' (आदरणीय) है, तो कोई बात नहीं, 'बिशप, प्राचीन, डॉक्टर,' जो भी हो, मैं ख़ुशी से एक मनुष्य को सलाम करता हूं। लेकिन क्या एक मनुष्य की आराधना करना है? मैं एक ही मनुष्य को अपना सत्कार अर्पित करता हूं: यीशु मसीह। यही केवल वो मनुष्य है जिसके सामने मैं झुकता हूं।" मैंने कहा, "बस इसे भूल जाये। बस इसे रद्द कर दे।" मैं ऐसा नहीं करूँगा। और इसलिए मैं...

41 घर आने के बाद मुझे पता चला कि एक और बड़े अमेरिकी व्यक्ति ने भी ऐसा ही किया था, टेडी रूजवेल्ट। उसने ऐसा करने से इनकार किया था... याद होगा कि ऐसा इतिहास में है? उसने पोप से मिलने से मना कर दिया क्योंकि उसे उसकी अंगूठी को चुंबन लेना था... या उन्हें पैर के अंगूठे पर भी आना पड़ता था, आप जानते होंगे। तो... ओह, नहीं। नहीं, ऐसा तो होगा ही नहीं। सो फिर...

42 फिर भी... अब, जैसे बालाम... तब हमने कल रात को देखा, यहां पर,... अब पहले, यहां इससे पहले कि हम यहां छोडे, उन्होंने कलीसिया को सम्मलित करके और विवाह किया, कुछ पागान के विचारों को लिया, पागान की मूर्तियों को जो कलीसिया में थी। जुपीटर के देवता, सूर्य का देवता, मार्स का देवता, वीनस का देवता, और उन सभी देवताओं की मूर्तियाँ और उसने उन सभी पागान की कलीसिया से बाहर कर दिया था;

और पौलुस, पतरस, कुंवारी मरियम, उन सभी को ऊपर रख दिया, और कहा, “यहां तुम्हारा पादरी है क्योंकि यीशु ने पतरस से कहा, ‘मैं तुम्हें चाबी देता हूं,’ और वह एक प्रेरित उत्तराधिकारी था।” यही अब भी, इस दिन तक कैथोलिक की शिक्षा है। और वे ऊपर मूर्तियो को लगाते हैं। और उन्होंने क्या किया? मसीहत के अंदर मूर्ति पूजा लाया, कहलाने वाले नाम के मसीहत में; सच्चे मसीहत के अंदर नहीं, क्योंकि कुछ पेंटीकोस्टल...

43 अब याद है, मैं नहीं कहता... मैंने नहीं कहा, “बैपटिस्ट, मेथोडिस्ट, प्रेस्बिटेरियन,” वे सभी में हैं। लेकिन परमेश्वर का वास्तविक, सच्चा विषय पेंटीकोस्ट था; वो था, है, और हमेशा ही रहेगा! यही है जहां कलीसिया का आरंभ होता है, ठीक यहां पेंटीकोस्टल सामर्थ के साथ।

44 अब, आप कहते हैं, “क्या यह सही है, भाई ब्रंहम?” मैं आपसे इतिहास को लेने के लिए कहूंगा, और यहां समय की धारा में से होते हुए यहां तक देखे, और यह पता लगाये कि क्या उनमें से हर एक, क्या सच्चे परमेश्वर की संतान उस पेंटीकोस्टल की आशीषो को थामे हुए नहीं थे; अन्य जुबान में बात की, अन्य जुबान का अनुवाद किया, चिन्ह और अद्भुत कार्यो को किया था, यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लिया। प्रेरितों ने जो कुछ भी किया, उन्होंने भी वहीं किया, ठीक वहां से होते हुए। यही कारण है कि वहां, इतिहास को पढ़ते हुए, मैंने पौलुस और इरेनीअस को लिया और—और—और—और उसके आगे संत मार्टिन, कोलंबा को लिया; उन पुरुषों में से हर एक को (आगे बढ़ते हुए यहां इस काल में), चिन्ह और अद्भुत कार्य थे।

45 तो ठीक है। उसने कहा कि वे... माइक का आवाज़ थोड़ा कम था... क्या यह बेहतर है? तो ठीक है। नहीं, वे अपना सिर हिला रहे हैं, वे नहीं सुन पा रहे है, बिली। तो ठीक है। क्या आप... ? क्या यह... ? अब, क्या आप मुझे अब सुन पा रहे हो? अब, यह कैसे है? क्या ये बेहतर है? हाँ? हर कोई कह रहा है, “सही है।” पॉल, यह आपके सम्मुख एक संकेत है। तो ठीक है, ठीक है।

46 अब, इस काल में यहां फिर जब उसने इस बहुत बड़ी चीज़ को बनाया, और इस मनुष्य को सभी कलीसियाओ के ऊपर एक विश्व्यापी बिशप के रूप में रख दिया, उन्हें बहुत सारे पैसे और इत्यादि चीजो को दिया, और उनसे प्रतिज्ञा की, और कलीसिया और राज्य को एक साथ एकजुट किया,

और कलीसिया को राज्यों के ऊपर नियंत्रित करने दिया। उसे एक प्रधान व्यक्ति बना दिया। तो वास्तव में... जो कॉन्स्टैंटाइन ने किया यह वही है जो हमने इस दूसरी कलीसिया में पाया, जिसे परमेश्वर ने कहा; कि, एलिय्याह के दिनों में, जो उन्होंने उस स्त्री ईजेबेल से कष्ट उठाया, उसके संतान को वश में करने के लिए; जिस बात ने अंधकार के काल में जगह ली थी। और यहां देखिए जहाँ पेंटीकोस्ट अब है। ओह, प्रभु! बस इसे अंधकारमय कर दिया। और लगभग एक हजार वर्षों के लिए, यह... जो लगभग 500 से लेकर 1500 तक था, ठीक, यह 606 से '530' है... 520, जो बिल्कुल सही संख्या है, लेकिन ठीक एक हजार वर्षों पर है। वे... खूनी सतावट को लायेंगे। इतिहास को पढ़ें।

47 अब, एक कैथोलिक आपको बताएगा कि मसीही कलीसिया, वे मसीही कलीसिया थे। वे *सांप्रदायिक* मसीही कलीसिया है। लेकिन सच्चे पेंटीकोस्टल को दबाया गया, मार दिया गया, और हत्या कर दी गई, और पोप और बिशप के द्वारा मौत के घाट उतार दिया गया और इत्यादि, खूनी जितने कि वे हो सकते है।

48 अब, किसी दिन इससे मुझे अपने जीवन का दाम चुकाना पडेगा, देखिए, ऐसा कहने के लिए। लेकिन यह एक बात निश्चित है, मैं जानता हूं कि मैं किस ओर बढ़ रहा हूं, अब मुझे पता है। ये बस लहू के साथ टपकता ही रहता है। लेकिन अब वो समय आ रहा है, जिसे आप उसके अनुसार देखेंगे कि राष्ट्र में क्या चल रहा है ये यह लंबे समय तक चलने वाला नहीं है। आप उस पर कभी पीछे मत हटना! यही सच है। ठीक इसके साथ बने रहें। उनकी तरह अपने लहू को मिला दे जो उस दिन में थे।

49 अब, यहां आप देखते हैं कि किस बात ने जगह ली है। फिर यहां इज़ेबेल की शिक्षा आती हैं। इज़ेबेल एक स्त्री थी, एक पागान जो... अहाब ने वही किया जो कांस्टेनटाइन ने किया था; अपने राज्य को मजबूत करने के लिए उसने इस स्त्री से विवाह किया, और इस्राएल में मूर्तिपूजा को ठीक उसी तरह लाया जैसे कॉन्स्टेंटाइन ने वहां पहले किया था। और पेंटीकोस्ट लगभग पूरी तरह से खत्म हो चूका था।

50 अब, परमेश्वर ने मार्टिन लूथर को खड़ा किया। मैं चाहता हूं कि आप यह ध्यान दे कि यह *यहां* किस तरह से बाहर आता है और लगभग पूरी तरह से धुंधला हो जाता है, उसके बाद *यहां* मुश्किल से शुरू होने लगता

है, और फिर से आगे *यहां* आता है। और मैंने एक तरह से इसे चिह्नित किया है क्योंकि यह एक—यह एक रविवार की रात के लिए एक महान विषय होगा, परमेश्वर चाहे तो।

51 अब—अब, मैं विश्वास करता हूं कि हमने एक तरह से अब समझ लिया हैं कि हम कहाँ पर हैं। अब, ठीक *यहां* पर वो—वो अंधकारमय काल है, 1500 से... 606 से लेकर 1520 तक। ठीक यहीं पर। मैं इसे यहां पर रखूंगा जिससे आप... 606 से लेकर 1520। यही अन्धकार का काल है, यह कलीसिया जो ठीक *यहां* पर है, अन्धकारमय काल। अब, यह कलीसिया जिस पर से अब हम बाहर आ रहे हैं, वह लूथरन कलीसिया है।

52 अब, ज्यादातर सभी जो वहां पहले थे, उन लोगों की मृत्यु हो गई ... ये मनुष्य जैसे इरेनियस, और मार्टिन, और कोलंबा, और वे धुंधले होते चले गए। और अब आप किसी को भी ले, जिस किसी को भी इतिहास से ढूंढना चाहते हैं जिसे आप चाहे, यदि यह एक प्रमाणित इतिहास है तो, और जब वे आपको बताते हैं कि "संत पैट्रिक एक कैथोलिक था," वे नहीं जानते कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं। संत पैट्रिक ने कैथोलिक कलीसिया का विरोध किया, और कभी भी रोम नहीं गया और दृढ़ता से उनकी शिक्षा को अस्वीकार कर दिया। यह बिल्कुल सही बात है। आप आज उत्तरी इंग्लैं... मतलब आयरलैंड जाते हैं, और आप उसी बात को देखेंगे। संत पैट्रिक परमेश्वर का जन था! लेकिन, संत पैट्रिक, जब उसने वहां पर कहा कि उसने—उसने आयरलैंड में से सारे सांपों का बाहर खदेड़ दिया, यह एक कहानी थी।

53 आप में से कितने लोगो ने कभी विलियम टेल के बारे में पढा और सुना हैं जिसने अपने लड़के के सिर पर एक सेब रखकर गोली चलायी? वह एक कैथोलिक कहानी है, ऐसा कभी नहीं था, एक शब्द भी ऐसा नहीं था। मैं ठीक वहीं पर था जहां पर यह होना था। यह वहां लिखा हुआ है, "एक कहानी है, ऐसा नहीं है," स्विट्जरलैंड में। बिली और मैं वहीं पर ल्यूसर्न झील के किनारे बैठे हुए थे, जहाँ उसने किया, वो बात इस तरह से थी, उसने एक व्यक्ति को गोली मारी; यह सच बात है, लेकिन ना ही अपने लड़के के सिर पर एक सेब को। यह तो एक केवल कहानी है, अंधविश्वास और बातें हैं, ऐसा कभी नहीं था। उनके पास इसका कोई लेखा-जोखा (रिकार्ड) नहीं है, ये कहाँ हुआ या जो कुछ भी है, जिसे उन्होंने ऐसा कभी

किया था। और यह वास्तव में उसे वहां बाहर फैला देते है और बताते है कि यह क्या था। अब, लेकिन इसमें, वास्तव में ऐसा कोई इतिहास नहीं है जो कहता है कि उसने ऐसा किया है। देखे।

54 सो अब यहां पर, इस कलीसिया काल में, यही है जहाँ यह लगभग धुंधला हो गया, पूरी तरह से अस्तित्व से बाहर हो गया। अब इस दूसरे काल में, सुधार का काल आता है। अब, यहां ये चीजे लगभग, काला और अंधकारमय और लुप्त होने लगा और इस तरह की बातों के एक हज़ार वर्ष के बाद कलीसिया ने इरेनीयस के दर्शन को खो दिया। वो एक महान व्यक्ति था, एक ईश्वरीय मनुष्य था। उसी तरह से ही वे सैकड़ों बहुत से बहुमूल्य संत थे जिन्होंने अपने जीवन का लहू को उदारता की नाई दे दिया (उस रणभूमि में खड़े होकर), जैसा कि वे मसीह के खातिर दे सकते थे, यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मे के लिए, अन्य जुबान में बोलने के लिए, यीशु मसीह के पुनरुत्थान के जीवन में जीते हुए और वहां उसकी दिव्य उपस्थिति में, जबकि वो खुद को मसीही *कहने* वाले लोग ही उन्हें सता रहे थे। ये सही बात है। बिलकुल ऐसा ही है।

55 ओह, यह एक—यह एक नरक–योग्य दुष्टआत्माग्रस्त सेना है, मैं नहीं जानता जो भी है। इस तरह से आकर और खुद का गठन करते है, और अपने आप को बनाते है, "खुद को भविष्यव्यक्तिनी कहकर बुलाती है, एक वचन का दिव्य अनुवादक कहते है, कि यह उनके आलावा कोई नहीं जानता।" खुद को ये कहती है, लेकिन वो एक झूठी है। आप समझे? वहां आप देखिए। लेकिन उसी समय पर; वहां सत्य के साथ, उसके पास दूत है। सत्य हमेशा ही इस पर वापस जाएगा। समझे? हमेशा ही मूल की ओर वापस जाता है, क्योंकि परमेश्वर कभी भी उससे नहीं बदलता है।

56 अब, और हमने यह भी देखा, कल रात को, इससे पहले कि हम इससे आगे बढे, इसलिए कि यह आपके ह्रदय में बस जाये। न ही केवल... प्रतिछाया में, इज़ेबेल, उसकी एक—एक पुत्री थी। आपको याद है? और प्रकाशितवाक्य 13 में कहा कि यह धर्मत्यागी कलीसिया, रोम, उसकी पुत्रियां थीं। "वह वेश्याओ की माता थी।" क्या यह सही है? ईजेबेल की एक पुत्री थी, और ईजेबेल ने अपनी पुत्री के साथ क्या किया? देखें कि ये सारी बातें, किस तरह से नमूना और प्रतिछाया हैं। इज़ेबेल ने देखा कि

उसकी पुत्री ने योरम से विवाह कर लिया था, जो कि यहूदिया में यहोशापात का पुत्र था।

57 इस्राएल उस समय इस तरह से विभाजित हुआ था। यह यरूशलेम *यहां* है, और यहाँ यह यहूदिया *यहां* है। तो ठीक है, अहाब *यहां* था, और योराम *यहां* था। तो ठीक है, ईज़ेबेल ने *इस* पर विजय प्राप्त की, सारे इस्राएल ने मूर्तियों को ले लिया। फिर... (एल्लियाह और उस छोटे वफादार झुण्ड को छोड़ सभी ने।) तो ठीक है। अब, यहां *इस* ओर यहूदा के ऊपर योराम था; और जब अहाब से उसे बालक हुआ, तो उसने इस लड़की को लिया और उसका विवाह योराम के बेटे से कर दिया... मेरा मतलब यहोशापात के बेटे से, जो योराम था, और यहूदा में मूर्तिपूजा को लाया, और यरूशलेम में पागान की वेदियाँ रखीं।

58 बिल्कुल ऐसा ही कैथोलिक कलीसिया ने किया! वह संप्रदाय और इत्यादि की शिक्षा में अटक गयी, और पवित्र आत्मा को हटाकर कलीसिया से बाहर कर दिया *यहां* उसकी पुत्री के साथ हो गये (लूथरन, मेथोडिस्ट, बैप्टिस्ट, पेंटेकोस्टल, और इत्यादि)। ठीक वैसा ही उसने किया। बाइबल में कहा, "वह वेश्याओ की माता है।"

59 अब, आप बस वचन में से होकर देखे। आप—आप वचन में कोई भी बात कुछ भी और भिन्न बात को देखते हैं, और इतिहास बिल्कुल उन्हीं बिंदु पर सही–सही ठीक बैठता है, आप एक सज्जन के नाई मेरे पास आये। समझे? ये सही है। ये वहां नहीं है!

60 ये संप्रदाय जहरीली चीजें हैं जो हमारे पास हमेशा प्रोटेस्टेंटवाद में रही थी, जो मनुष्यों को कलीसिया पर राज्य करवाने का प्रयास करते रहे है, एक दूसरी ही छवि को तैयार करते है जैसे उस एक को सिंहासन पर बैठाना। मुख्य बिशप, पेंटीकोस्ट के प्रमुख अध्यक्ष, कहते है, "अच्छा, अब, मैं देखूंगा, कि उसकी शिक्षा क्या है? ओह, क्या उसने यीशु के नाम में बपतिस्मा लिया? वह इसमें नहीं आ सकता है। नहीं, श्रीमान, भाईयों। आप इसे इंकार कर दें।" और वो भी ठुकरा दिया गया है। "मैं आपको समझा देता हूं, आप में से कोई भी उस सभा में नहीं जायेगा। विरोध मत। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितने बीमार हैं, उनसे दूर रहें, कोई फर्क नहीं पड़ता कि परमेश्वर क्या कर रहा है। यदि तुम हमारे चश्मे में से होकर नहीं देख रहे हो, तो तुम्हे बिल्कुल नहीं दिखाई दे रहा हैं।" पशु के निमित

एक छवि को खोदते है! और उस छवि के पास बोलने के लिए जीवन था। ये बिलकुल सही है। आप नहीं सोचना कि वह बोल सकता है, बस उसे एक बार जरा सा ऊपर क्रूस पर लगा लें। उह–हुह, यकीनन मुसीबत में आ सकते है।

61 मुझे याद है, तुलसा, ओक्लाहोमा में, मैं... ओह, मैं वहां एक बहुत ज्यादा गड़बड़ी में जा रहा था, वे संप्रदाय यहां–वहां हिलने–डुलने लगी थी। और मैं एक दिन इस इमारत में बैठा हुआ था और मैंने एक—एक दर्शन को देखा। मैंने देखा कि एक—एक छोटा... सुंदर, छोटा सा बिल्ली का बच्चा, और वह एक रेशम के तकिये पर लेटा हुआ था, और वह बहुत ही प्यारा छोटा सा बच्चा था। और मैं वहां पर चलकर गया (और मैं एक बिल्ली से डरता हूं), और मैं वहां पर चला गया और मैं उसे समेटने लगा, और वो इस तरह करने लगा था, "परर, परर।" आप जानते हैं कि वे किस तरह की अजीब सी आवाज़ करते हैं, आप जानते हैं। और मैं उसे उठाने लगा, मैंने कहा, "सुंदर, छोटी सी बिल्ली।" और उसने कहा, "परर," बस मैं ठीक हूं, तुम जानते हो।

62 और मैंने उसके तकिए के पीछे देखा, यह लिखा था, "पेंटीकोस्टल बिल्ली का बच्चा।" तो ठीक है, मैंने सोचा, "अब, क्या यह अजीब नहीं है।" और मैंने कहा, "इसे एक दर्शन होना है।"

63 और किसी ने तो कहा, "जब तक तुम उसके शरीर के बाल से इस प्रकार से हाथ घुमाते हो, तो कोई बात नही; लेकिन अब यदि आप यह देखना चाहते हैं कि वह किस चीज से बना है, तो उसके शरीर के बालो को उल्टी तरफ घुमाओ।" समझे? सो जब मैंने उसके शरीर के बालो को उल्टी तरफ घुमाया, वे आँखें, बाहर की ओर आने लगी, जो हरे रंग की थी और वह एक डरावने प्राणी की तरह वहां खड़ा होकर मुझ पर जोर–जोर से आवाज़ को करने लगा था जितना वह जोर से कर सकता था। देखो, जरा सा उसके शरीर के बालो को उल्टी तरफ घुमाये। उसे बताओ कि "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा" का बप्तिस्मा शैतान का है, और कैथोलिक कलीसिया का है, देखो कि उसे क्या होने लगता है। समझे? उसके शरीर के बाल खड़े होने लगते हैं।

64 मैं नीचे आया, भाई जीन और उन्हें कहा, नीचे... ओह, भाई लियो और उन्हें, मैंने कहा, "मुझे यकीन है कि इसमें पेंटीकोस्टल संप्रदायों का

एक वास्तविक दर्शन था।”

65 अब 3 रा अध्याय, आइये पहले... सरदीस जो एक मरी हुई कलीसिया है। यह मरी हुई है क्योंकि वे इस समय के दौरान मारे गए थे। बस जीवन की छोटी सी अवधि, हम कुछ ही मिनटों में देखेंगे कि यह क्या था, बस थोड़ा कुछ। 1520 से लेकर 1750 यह सरदीस काल था। और वो तारा, या दूत... वह तारा जो उसके हाथ में था, जो दूत था या उस कलीसिया काल का संदेशवाहक था। क्या यह स्पष्ट रूप से समझ गया? वह तारा एक दूत था, और एक दूत उस काल का संदेशवाहक होता है। तो ठीक है। तो ठीक है।

66 अब हमने निसियन परिषेद के साथ समाप्त किया हैं। वहां वो पीछे मर गई, और सारे सामर्थ और महिमा में आये, कलीसिया और राज्य को एकजुट हो गए। और क्या कोई याद कर सकता है कि कल रात के विषय ने क्या बताया था, उन लोगों में से कितनो ने यह सोचा था? “सहशताब्दी चालू थी।” और वे सभी... “वे मसीह के आगमन के बिना ही सहशताब्दी को लाते है।” समझे? सहशताब्दी में मसीह के आगमन के मुद्दे, पहली चीज। और उन दिनों में उनके पास... यदि आप इतिहास को ले, तो आपको पता चलता है कि उनके पास झूठे यीशु उठ खड़े हुए थे और बाकी की हर चीज, देखें। और उन्होंने यहां तक यह भी सोचा था कि पोप यीशु था, उसे कहते*पादरी*, “परमेश्वर के पुत्र के बजाये।” जी हाँ, बडा पवित्र देवता, जैसे, वो वहां बैठा हुआ होता है।

67 मैं आपको कुछ बताता हूं। बाइबल कहती है कि जब यीशु आता है... इससे पहले वह आता है, “वहां झूठे भविष्यद्वक्ता उठ खड़े होंगे, और झूठे यीशु वहां उठ खड़े होंगे।” यह सही बात है। “लो, यहां... ” लेकिन मुझे अभी इस बात को आपके ह्रदय में डालने दे: वहां कभी भी एक यीशु इस धरती पर कदम को नही रखेगा जब तक कि कलीसिया का रेपचर नहीं हो जाता और चली नहीं जाती। अब, आप बस इसे दिमाग में रखना, क्योंकि वहां झूठे मसीह उठ खड़े होंगे। लेकिन यीशु धरती पर यहां नहीं होगा; क्योंकि तुरही बजती है, और वह कभी नहीं आता है, हम उससे हवा में मिलते हैं। कलीसिया जा चूकी है। और फिर जब यीशु प्रकट होगा, तो ये वापस लौटना होगा। अन्यजाति हवा में उससे मिलती है। क्या यह वचन है? देखा? वे हवा में उससे मिलने जाते हैं, और फिर हम ऊपर चले जाते

हैं। और यीशु... कभी भी धरती पर उसके पैर को नहीं रखता है जब तक कलीसिया का रेपचर नहीं हो चूका होता है और कलीसिया घर को उठा ली जाती है और स्वर्ग में विवाह भोज होता है; फिर, यहूदी अवशेष के बाद वह वापस लौटता है।

68 तो अब ये समाप्त हो गया था, निसियन परिषद, कलीसिया लगभग एक हजार वर्षों तक पापल राज्य के अधीन रही थी। उन्होंने उन सभी को मार डाला था जो उनसे असहमत थे। ये सही बात है। आप या तो इसके अधीन आ जाओ या आपको—आपको—आपको मार डाला जाता था, जैसे ईजेबेल ने इस्राएल के लिए किया था।

69 पवित्र आत्मा ने पूरी तरह से छोड़ दिया था, लेकिन बस इस काल के दौरान बहुत ही कम थे, जैसे कि एल्लियाह और बचे हुए इस्राएल जिन्होंने बालाम के लिए घुटने नहीं टिकाये थे। यदि आप इसे आगे पढ़ना चाहते हैं, तो यह पहला राजा, 19 वा अध्याय, और 18 वा पद है, जब एलीशा पीछे वहां गुफा में खडा था और उसने कहा, "प्रभु, उन्होंने—उन्होंने आपके सारे नबियो को मार डाला है। उन्होंने सब कुछ किया है, और मैं—मैं अकेला हूं। और मैं केवल एक ही बच निकला हूं।" लेकिन परमेश्वर ने उसे बताया कि उसके पास अब भी ऐसे कई सैकड़ो थे, जिन्होंने बाल के आगे घुटने नहीं टेके थे, वहां उस साधारण लोगो में।

70 और सो, अब, सरदीस, हमने आरंभ किया हैं। उसी शब्द *सरदीस,* का वो पहला पद। *सरदीस* शब्द, अंग्रेजी शब्दों में, जिसका अर्थ है, यदि आप इसे देखना चाहते हैं, तो इसका मतलब होता है "एक जो बच निकला।" सच्चा *सरदीस* था "एक जो बच निकला।" यही *सरदीस का* मतलब होता है, तो ठीक है, "एक जो बच निकला।" अब, देखें, और "एक जो बच निकला।"

71 अब हम उस पहले पर आरंभ करने जा रहे हैं। वही... हम इसे *सुधार का काल* कहेंगे और इस सुधारक के लिए यह एक बहुत ही उपयुक्त बात ठहरती है यदि हम इसे यह कहे तो, क्योंकि यह है... सुधारक "बच निकलने वाले" थे जो दूर निकल आये और इससे बच निकले।

72 अब पहले पद को लेते हैं:

> *... सरदीस की कलीसिया के दूत को लिख, कि, जिस के पास... परमेश्वर की सात आत्माएं और सात तारे हैं, यह कहता*

है, कि मैं तेरे कामों को जानता हूं, कि तू जीवता तो कहलाता है, पर, है मरा हुआ।

73 अब सलामी। अब, सात आत्माये... "सात आत्माये और सात तारे है।" वे आत्माये दूत थे, जो तारे हुए थे, जो संदेशवाहक थे। "सात आत्माये," सात अलग–अलग समय पर पवित्र आत्मा एक संदेशवाहक को अभिषेक करता है, जो उसके दिन में का एक तारा था। एक—एक आत्मा अनन्त है, और वो तारा जो उद्देश्य के लिए बनाया गया था कि इन कलीसिया युगों के अंधेरे में प्रतिबिब करे, जहाँ वे धुपदान और तारे प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वो दूत, वो आत्मा, वो एक जो तारे हुए और इस तारे के जरिये से, उस कलीसिया काल में पवित्र आत्मा के प्रकाश को प्रतिबिंबित किया। जिससे कि आप जान सकते हैं... मैं सोचता था कि सात आत्माये कौन हैं। यह सात कलीसिया काल के सात संदेशवाहक हैं। समझे? अब, और हर समय जब तारा दृश्य में आया, पवित्र आत्मा नीचे उतर कर आया और उस तारे का अभिषेक किया और उसे ठीक वैसे ही रखा जैसे वो पहला वाला तारा था।

74 अब मुझे—मुझे आपके लिए इसकी पुष्टि करने दें। पौलुस ने कहा, क्या आप जानना चाहते हैं कि यह किस प्रकार का तारा था। क्योंकि, याद रखें, शैतान भी एक तारा है, भोर का तारा। अब ध्यान करना, पौलुस ने कहा... क्या आप विश्वास करते है कि वो इफिसुस कलीसिया का तारा था? उसने कहा, अब, यदि आप जानना चाहते हैं कि यह सच है या नहीं। गलतियों 1: 8 में, पौलुस ने कहा, वहां बोलते हुए, कि समय आने के बाद, और फाड़ने वाले भेड़िए होगे और इत्यादि, उसने कहा, "यदि एक दूत भी स्वर्ग से नीचे उतर कर आये और किसी अन्य सुसमाचार को सिखाता है... " (अब, वह जानता था यह मनुष्य जो आ रहा था जो एक दूत तरह लग रहा था और एक बड़ा *पादरी*।) उसने कहा, "कोई फर्क नहीं पड़ता कि ये कोई भी है, यदि कोई दूत या कभी भी आता है और इस सुसमाचार के अलावा किसी अन्य बात को सिखाता है जो हमने तुम्हे सिखाया है, उसे शापित होने दो।" क्या यह सही है?

75 पौलुस वो एक था जिसने उन्हें फिर से बप्तिस्मा लेने के लिए विवश किया था, यदि उन्हें यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा नहीं दिया गया था तो, "आओ और पवित्र आत्मा को पाने के लिए फिर से बपतिस्मा को

लें," प्रेरितो के काम 19: 5। वो ही वो एक था जिसने लोगों पर हाथ भी रखा, और दान को, और कलीसिया को व्यवस्था में रखा, चिन्ह चमत्कार के साथ, दैविक चंगाई, अन्य जुबान में बोलने के दान, अन्य जुबान का अनुवाद। क्या यह सही है? पहला कुरिन्थियों 12, देखो पौलुस ने क्या कहा। पहला कुरिन्थियों 12, और आप इसे पायेंगे। उसने कलीसिया को रखा... परमेश्वर ने कलीसिया में इन महान दानो को रखा; और पौलुस ने उन्हें व्यवस्था में रखा, और उन्हें क्रम में रखा ताकि वे परमेश्वर की महिमा के लिए कार्य को कर सकें। पौलुस ने यह कहा। तब यदि कोई भी मनुष्य, चाहे वह किसी भी संप्रदाय से संबंधित हो, तो वह आपको यह बताने की कोशिश करता हा कि अन्य जुबान में बोलने के दिन, अन्य जुबान का अनुवाद, दैविक चंगाई, और अद्भुत कार्य और बपतिस्मा के नाई पवित्र आत्मा की गवाही... उसे शापित होने दो। क्योंकि वही आत्मा जो पौलुस पर था वही आत्मा होगा जो अगले कलीसिया काल के लिए भेजा गया था और वही आगे कलीसिया काल के अंत पर है। वही आत्मा, पवित्र आत्मा। क्या आप यह विश्वास करते है?

76 यदि आप इसे ध्यान दे, तो यह यहां लिखा हुआ है। लेखक यह जानता था। देखो, "वे सात आत्माये।" ध्यान दे: बड़ा अक्षर "एस,"(S) पवित्र आत्मा, उनमें से केवल एक। हूं–हुंह। वही पवित्र आत्मा सारे सात कलीसिया युगों में सात बार आता हैं उसी प्रकाश को फैलाते हुए। अब इसे समझ लिया? सात कलीसिया काल, सात बार यह पवित्र आत्मा इसी संदेश को आगे ले जायेगा! जिसने कोई भी हो, जो इसे बदलता है, उसके लिए शाप को घोषित किया था।

77 अब देखें कि यदि यह पूरी बात के प्रकाशन के साथ फैलाता है। उसने कहा, "जो कोई भी इसमें से निकलेगा या जोड़ेगा, उसी तरह (उसका भाग) जीवन की किताब से बाहर निकाला जाएगा।" यही तब तक की पूरी बात को वहां सम्मलित करता है। इसलिए आपके पास वहां पर कोई स्थान नहीं है कि कही भी और स्थान पर कूदे या निचोडे, देखें, क्योंकि ये ऐसा ही है। यही है जो परमेश्वर ने कहा, यही है जो आत्मा ने कहा, और यही है जो कलीसियाओ ने कहा। अब, यदि आप किसी अन्य प्रकार की शिक्षा को लागू करने की कोशिश करते हैं, उसके अलावा जो पौलुस ने सिखाया है, तो यह गलत है! बाइबल सही है। उसका जीवन... यीशु ने कहा, "मैं उसके भाग को जीवन की किताब से निकाल दूंगा।"

78 अब, आप कहते हैं, “जीवन की पुस्तक का कौन सा भाग? ”

79 ऐसे कई लोग हैं, जिनका नाम जीवन की पुस्तक में है, जो निश्चित रूप से चूक जायेंगे। आप यह जानते है, क्या आप नहीं जानते? क्या याद है कि एक रात को इसके बारे में शिक्षा दी गयी थी? क्या आपको ये ध्यान आया? हो सके तो उस पर बात पर जाये; यह अब तक ठीक नहीं दिखाई देता हो; सही नहीं लगता हो, देखा।

80 यहूदा इस्करियोती शैतान का पुत्र था, वह देह में प्रकट हुआ शैतान था। बाईबल ने कहा कि वह था। बाइबल ने कहा, “वह विनाश का पुत्र जन्मा था।”

81 इसे बस एक मिनट के लिए देखें। अब, *इस* पर यीशु था; *यहां* वो उसके दाहिने हाथ में चोर था; *यहां* एक उसके बाई ओर था। अब, जब... यीशु परमेश्वर का पुत्र था। क्या यह सही है? अब, कुछ लोग केवल तीन क्रूस को देखते हैं, लेकिन चार थे। चार क्रूस! अब, वो एक क्रूस क्या है? एक पेड़ है। क्या यह सही है? बाइबल ने कहा, “शापित है वो जो एक पेड़ पर लटकाया जाता है।” और वो हमारे लिए शापित बना, वो एक पेड़ पर लटका। इसे काट दिया गया था, लेकिन यह एक पेड़ था। क्या यह सही है? ठीक है। *यहां* नीचे, पहाड़ी के नीचे, एक और खड़ा हुआ था। यहूदा ने अपने आप को एक गूलर के पेड़ लटका दिया। क्या यह सही है?

82 देखो! *यहां* परमेश्वर का पुत्र है; स्वर्ग से आया, वापस स्वर्ग पर लौटता है, वो अपने साथ पश्चाताप किये हुए पापी को लेकर जाता है। *यहां* विनाश का पुत्र है; नरक से आया, वापस नरक की ओर लौट रहा हैं, अपने साथ ले जाते हुए (“यदि तू है!”) बिना पश्चाताप का पापी। देखो, बिना पश्चाताप का पापी, “यदि तू परमेश्वर का पुत्र है, तो अपने आप को बचा और हमें भी।”

83 *इस* एक ने कहा, “हमारे पास... ” (प्रचार करते, सुसमाचार का प्रचारक) “हम इसी लायक हैं जो हम भोग रहे हैं, लेकिन इस मनुष्य ने तो कुछ नहीं किया, प्रभु, मुझे याद करना जब आप आपके राज्य में आऊं।” वो कौन था?

84 जो था... ? ... थोडा कुछ कल रात को या परसों रात को। *यह* परमेश्वर का हाबिल है; *यहां* शैतान का कैन है। जैसे कैन ने हाबिल को वेदी पर मार डाला, यहूदा ने वेदी पर यीशु को मार डाला। ये सही है। वो धुआं तब

पीछे की ओर अदन में उठने लगा और ठीक *यहां* फिर से उठने लगता है। बिलकुल ऐसा ही है।

85 ओह, यह महिमामय है, वो पुराना मार्ग, धन्य पुराना मार्ग, बस महिमा से भरा हुआ है।

86 अब, हम यहां पर पाते हैं (मुझे क्षमा करें।) कि यह सरदीस की कलीसिया, दूत के निमित, उसने कहा, “वो सात आत्माये; वो जिसके पास सात आत्माये हैं।”

> *... सरदीस की कलीसिया के दूत को लिख, कि, जिस के पास परमेश्वर की सात आत्माये...*

87 और अब कितने लोग जानते हैं कि परमेश्वर एक आत्मा है? निश्चय ही। परमेश्वर, वो पवित्र आत्मा है। परमेश्वर, पिता, पवित्र आत्मा, सारे एक ही व्यक्ति है, क्योंकि मरियम पवित्र आत्मा के द्वारा गर्भवती हुई थी। अब... लेकिन परमेश्वर ने इस पवित्र आत्मा का उपयोग कलीसिया के लिए, सात कलीसिया युगों के लिए सात भिन्न-भिन्न सुसमाचारक के प्रकाश में किया। आपने इसे समझा? सात कलीसिया काल।

88 अब, आप कहते हैं, “परमेश्वर ऐसा नहीं करता है।” ओह, हाँ, भाई।

89 देखो! उसने एलिय्याह की आत्मा का उपयोग किया, और जब एलीशा चला गया... एलिय्याह चला गया, एलीशा को इसका दोगुना भाग मिला। और जब एलीशा बीमार हुआ और मर गया, उसके बाद ये यूहन्ना बप्तिस्मा देने वाले पर फिर से वापस आया। वही बात, उसे उसी तरह का कार्य करवाया जैसे एलिय्याह ने किया था, जंगल और इत्यादि में रहते हुए। क्या यह सही है? और अंतिम दिनों में फिर से आने की भविष्यवाणी की, देखना। परमेश्वर आत्मा का ठीक आगे उपयोग करता है।

90 और यीशु पवित्र आत्मा के साथ अभिषेकित था, वो अच्छा करते-करते गया। क्या यह सही है? और वही पवित्र आत्मा जो यीशु पर था, पेंटीकोस्ट के दिन कलीसिया में वापस आता है, ठीक अगले काल में वापस आता है, अगले काल में, अगले काल में। और ये क्या है? ये वही है और वो एक ही स्वयं पवित्र आत्मा। ओह, आप नहीं देखते? परमेश्वर हमारे ऊपर, पिता में; परमेश्वर हमारे साथ, पुत्र में; परमेश्वर हम में, पवित्र आत्मा में। यह तीन कार्य करने के स्थान हैं, न कि तीन ईश्वर। समझे? और वे तीन

शीर्षक (पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा) एक नाम से संबंधित हैं: यीशु मसीह। तो ठीक है।

91 अब, जैसे कि हम आगे बढ़ते हैं, देखते हैं। "सात आत्माये," कहती है वो जो थामे रहता... दूसरे शब्दों में, "उसके संदेशवाहको को थामे रहता है।" संदेशवाहक जो पवित्र आत्मा के साथ अभिषेक होंगे, उसी पवित्र आत्मा के साथ वो पौलुस (जो पहला था) अभिषिक्त था, दूसरा, तीसरा, चौथा, पांचवा, छठा और सातवा, ये सारे उसके दाहिने हाथ में हैं। ओह, अपने दाहिने हाथ से उनकी सामर्थ को और उनके प्रकाश को प्राप्त कर रहे है।

92 अब, वह ऊपर उठा लिया गया। और फिलेप्पुस ने कहा, जब वह मर रहा था... या स्तिुफनुस ने कहा, "मैं देखता हूं आकाश खुल गया, और... और यीशु परमेश्वर के दाहिने हाथ पर बैठा हुआ था।" इसका मतलब यह नहीं है कि परमेश्वर का एक बड़ा दाहिना हाथ है, और वो उस पर बैठा हुआ है, लेकिन *दाहिने हाथ का* अर्थ है "सामर्थ और अधिकार।"

93 वो शरीर जिसे परमेश्वर ने बनाया था... "न अपने पवित्र भक्त को सड़ने देगा, ना ही तू मेरे प्राण को अधोलोक में छोड़ेगा, लेकिन उठाकर खड़ा करेगा और वेदी पर आत्मा के स्थान पर उसे स्थित करेगा।" देखो! जब वे उसे—उसे वेदी पर बैठा हुआ देखते हैं, और उसके हाथ में पुस्तक थी, और कोई भी मनुष्य धरती पर या धरती के नीचे, या कहीं पर भी, पुस्तक को देखने में सक्षम या योग्य नहीं था यहां तक उस पुस्तक को देखने के भी योग्य नहीं था; लेकिन एक मेमना जैसे कि दुनिया की नींव डालने से लेकर घात हुआ था, बहुत पहले आरंभ में जब उसने पहली बार इस छुटकारा पायी हुई देह के बारे में सोचा, आकर और पुस्तक को उसके दाहिने हाथ से ले लिया जो सिंहासन पर बैठा था, और बैठ गया, स्वयं। आमीन। आप वहां है। यही वो वचन है। यह तो बस सुंदर है, देखें।

94 अब, "वो जो जय पाता है मेरे साथ मेरे सिंहासन पर बैठता है, जैसे कि मैंने जय पायी है और अपने पिता के सिंहासन पर बैठा हूं।" दूसरे शब्दों में, "मैंने अपने देह के भीतर पवित्र आत्मा को लिया है। मैंने संसार की सभी चीजों पर जय पायी (परीक्षाओ में से होते हुए) पवित्र आत्मा के द्वारा, और अधिकार को लिया है!" ("और उस में परमेश्वरत्व की देह की परिपूर्णता वास करती है।") "स्वर्ग और धरती की सारी सामर्थ मेरे हाथ

पर दी गयी है," उसने कहा। सारी सामर्थ! यदि वो दूसरा व्यक्ति है तो परमेश्वर सामर्थहीन है। क्योंकि बाईबल ने कहा, यीशु ने उसके पुनरुत्थान के बाद कहा, कि, "स्वर्ग और धरती की सारी सामर्थ, दोनों की, मेरे हाथ में दी गई थी।"

95 और यीशु अपने दस हजार गुना दस हज़ार संतों के साथ स्वर्ग से आता है, और बाइबल कहती है कि, "स्वर्ग एक आधे घंटे के लिए खाली था।" तब यह महान व्यक्ति कहाँ पर है, वो परमेश्वर? हूं-हुंह। देखा? वह मसीह में है। निश्चय ही! और जैसे हम पवित्र आत्मा के द्वारा जय पाते है, जैसे उसने पायी थी हम उसके साथ बैठेंगे, जैसा कि वह दाऊद के धरती के सिंहासन को लेता है, उसे बिठाने के लिए और उस के साथ राज्य करने के लिए जैसे उसने वहां ऊपर किया था, (आमीन!) सारी धरती पर सामर्थ और अधिकार के साथ। सारी पृथ्वी। "और वे... पृथ्वी कहर रही है, परमेश्वर के पुत्रों के प्रकट होने की बाट जो रही हैं, परमेश्वर के पुत्र।"

96 क्योंकि, आखिरकार, इस संसार को परमेश्वर के लिए नहीं दिया गया था कि नियंत्रित करे। आइये देखेंगे कि यह सही है। धरती का ईश्वर कौन है? मनुष्य! यही उसका अधिकार है। सब, धरती में का सब कुछ, मनुष्य के अधीन है। पाप के जरिये से वह गिर गया; मसीह की छुड़ाने की सामर्थ के जरिये से वह फिर से वापस आता है। यह सही बात है, क्योंकि धरती मनुष्य की है, यह उसे दी गयी थी, और वो हर चीज के ऊपर अधिकार रखता था। और सारी सृष्टी कहर रही है, उस समय की बाट जोह रही हैं कि जब परमेश्वर के पुत्र फिर से प्रकट होंगे। ओह, वो मैं हूं; ओह, प्रभु! परमेश्वर के पुत्रों का प्रगटीकरण। अब, हमारे लिए बेहतर होगा है कि इसे अभी छोड़ दें।

97 लेकिन, संदेशवाहक उसके दाहिने हाथ में हैं, प्रतीक्षा कर रहे हैं। वो जहां कही भी उन्हें भेजता है, वे उसी चीज को बोलेंगे। क्योंकि पवित्र आत्मा जो मसीह में था... ओह! वह आत्मा जो मसीह में था! जब वो चला गया, तो उसने कहा, "थोड़ी देर रह गयी और संसार... " (*कोसमोस*, ये ग्रीक शब्द है जिसका अर्थ है 'संसार की व्यवस्था'; ना ही धरती की, संसार की व्यवस्था) "... मुझे अब और नहीं देखेगा... " (संप्रदाये, या जो कोई भी और है) "... मुझे अब और नहीं देखेगा। फिर भी तुम मुझे

देखोगे... " (कलीसिया, विश्वासी) "... क्योंकि मैं... " ("मैं," व्यक्तिगत सर्वनाम सही है) "... मैं तुम्हारे साथ रहूंगा, यहां तक तुम में रहूंगा, संसार के अंत तक।" "यीशु मसीह कल, आज और युगानुकाल एक सा है।" क्या आप इसे देखते हैं?

98 तो यदि यह मसीह का पवित्र आत्मा पेंटीकोस्ट के दिन पर उतर आया जिसने उन चीजो को किया, यह मसीह का पवित्र आत्मा रहा है *यहां* आगे बढ़ता आया, मसीह का पवित्र आत्मा अब भी *यहां* पकडे हुए था, मसीह का पवित्र आत्मा अब भी *यहां* पकडे हुए था, *यहाँ* आगे संसार के अंत तक। वही पवित्र आत्मा जिसने पौलुस को पवित्र आत्मा से भर दिया और वे चीजें जो उसने की, जो *इस* एक (इरेनियस) को पूर्ण पवित्र आत्मा से भर देगा, मार्टिन को पूर्ण पवित्र आत्मा से भर देगा, बाकी सभी को पवित्र आत्मा से भर देता है, और ये आपको और मुझे पवित्र आत्मा से भर देता है, और यह एक पेंटीकोस्टल की आशीषे, एक कलीसिया काल से दूसरे तक है; अल्फा और ओमेगा, अंत और आदि, और सब, दाऊद का मूल और वंश, भोर का तारा, शारोन का गुलाब, सोसन का फूल, वो जो भी कुछ भी और है, पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा, वह जो था, जो है, और आने वाला है, अल्फा, ओमेगा, सब, सब मिलाकर! ओह, प्रभु! ये मुझे एक गाना गाने को लगाता है:

ओह, तुम क्या कहते हो कि मैं कौन हूं, (यीशु ने कहा)
कहाँ से तुमने कहा कि मैं आया,
क्या तुम मेरे पिता को जानते हैं, या तुम उसका नाम
बता सकते हो?
उसने कहा: मैं अल्फा और ओमेगा हूं, अंत से आदि,
मैं सारी सृष्टि हूं, और यीशु मेरा नाम है।

मैं हूं जिसने मूसा से अग्नि की जलती झाड़ी में बात की,
मैं अब्राहम का परमेश्वर हूं, वो चमकता और सुबह का
तारा। (ये सही है।)
मैं शारोन का गुलाब हूं, और कहाँ से तुमने कहा कि मैं
आया?
मैं सारी सृष्टि हूं, लेकिन यीशु मेरा नाम है।

99 स्वर्ग और धरती के सारे परिवार उस एक के अंदर जुड़ते है (विश्वव्यापी, धन्य हुए, पवित्र आत्मा से भर गये, नीचे उतरे, पवित्र आत्मा के द्वारा नामांकित हुए, पवित्र आत्मा के द्वारा बोले, पवित्र आत्मा के द्वारा जन्में) उस नाम के अंदर। ये सही है। परमेश्वर ने इसे स्वर्ग और धरती के सारे परिवार को दिया है। और इसमें का सब कुछ, हर एक घुटना, उस नाम के आगे झुकेगा। "और वहां आकाश के नीचे कोई और एक नाम नहीं दिया गया जिससे मनुष्यों को बचाया जाना चाहिए।" ना ही ऐसा कि *शायद, ऐसा होना चाहिए,* लेकिन *अवश्य* ही बचाया जाना है। ओह, मैं इसे पसंद करता हूं। यह बस अच्छा है। तो ठीक है।

100 "उसके दाहिने हाथ में।" अब क्या आपने जान लिया? यह एक पेंटीकोस्टल कलीसिया है; सामर्थ, चिन्ह, चमत्कार वहां तब से लेकर किया जाता रहा है। अब हम... अंधेरे काल में से होते हुए गए है जहां यह लगभग पूरी तरह से ढक गया था। अब आइये इस दूसरे पद को लेते हैं। ओह, मैं सोचता हूं कि हम अब बस कुछ—कुछ थोडा सा आगे जायेंगे इस एक पहले पद के साथ:

> *... मैं तेरे कामों को जानता हूं, कि तेरे पास एक नाम है जिससे तू जीवता तो कहलाता है, पर, है मरा हुआ।*

101 यहां अगले कलीसिया की ओर जाये, आप देखेंगे, "लेकिन तूने मेरे नाम को इंकार नहीं किया है।" जो इसके बाद की कलीसिया है, "मेरे नाम से इनकार नहीं किया।" लेकिन *इस* कलीसिया में, "तेरे *पास* एक नाम है।" यहां देखना! *इस* कलीसिया ने उसके नाम को रखा; *इस* कलीसिया ने उसके नाम को रखा; *इस* कलीसिया ने उसके नाम को रखा; और *यह* कलीसिया एक अंधकार काल में से होते हुए चली गयी और वहां इसके विषय में कुछ भी नहीं कहा गया था; जब वे *इस* ओर जीवन के लिए बाहर आते हैं, तो पहले जो कुछ लोग बच निकले, जब लूथर ने उन्हें बाहर निकाला, "तुम्हारे पास *एक* नाम है कि तुम जो जीवित हो, लेकिन तुम मरे हुए हो।" अब, यीशु नाम का उपयोग करने के छोड़ने के बाद, उन्होंने किस नाम का उपयोग किया? पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा। और ऐसी कोई चीज नहीं है। यह एक मरा हुआ है—यह एक मरा हुआ धर्मशास्त्र है।

102 मुझे बताये, क्या पिता एक नाम है? यहां कितने पिता हैं? अपने हाथ ऊपर उठाये। आप में से कितनो के नाम पिता है? पुत्र? और वे मनुष्य है,

ये—ये वही है। ऐसा नहीं है... इसका नाम पवित्र आत्मा नहीं है, यही है; यह पवित्र आत्मा है। वो नाम... पवित्र आत्मा एक नाम नहीं है, पवित्र आत्मा तो एक शीर्षक है; पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा।

103 इसलिए आप वहां देखते हैं, यह बस बिना बुनियाद के है, जैसे अनन्त पुत्रत्व। अनन्त पुत्रत्व जैसी कोई चीज नहीं है। एक पुत्र का कहीं तो जन्म होता है; अनन्त का जन्म कभी नहीं हुआ।

104 ऐसी कोई चीज नहीं है, जैसा कि मैंने एक रात को कहा, जैसे एक अनन्त नरक के विषय में। आपको किस तरह से कभी अनन्त नरक मिलता है? तब तो हमेशा के लिए एक नर्क था। बाइबल में कहा, "यह शैतान और उसके दूतों के लिए बनाया गया था।" वहां हमेशा ही एक नरक होगा; यदि हमेशा ही वो एक रहेगा, तो आरंभ में एक होना था। और क्या... इसे वहां पर पहले किसने इस्तेमाल किया जब—जब वहां वो *एल, एला, एलोहिम* था, "वो एक अस्तिव में रहने वाला," जब कि वहां कुछ भी और कुछ नहीं है? तब तो नरक को उसके साथ वहीं होना था। समझे? "नर्क शैतान और उसके दूतों के लिए बनाया गया था। और सारे दुष्टों को इसमें डाल दिया जाएगा।" यह बिल्कुल सही है। उन्हें दंडित किया जाएगा, हो सकता है दस करोड़ वर्ष के लिए, जो उन्होंने किया है उसके लिए। लेकिन एक समय आ रहा है कि उनकी दूसरी मृत्यु होगी। उनमें से कोई भी नहीं बचेगा। हर एक चीज जिसकी एक शुरूवात थी उसका एक अंत है। इसलिए जब हम अनन्त जीवन को पाते हैं, हम विराट ज्योति को प्राप्त कर रहे होते हैं, जो वहां बहुत ही पहले उस ओर थी, इससे पहले वहां कभी एक अणु था। हूं–हुंह। वो परमेश्वर का प्रकाश हमारे ह्रदय के अंदर आता है, जो हमें प्रकाशित करता है जिससे हम यीशु को देखते हैं। बाइबल ने कहा, "हम उन सारी चीजों को नहीं देखते हैं, लेकिन हम यीशु को देखते हैं।"

105 अब, उसने कहा, "मुझे पता है कि यह जो... मैं वो हूं जिसके पास सात आत्माये है, जिसे सात कलीसियाओ के लिए भेजता हूं। मैं तुम्हारे सारे कार्यों को जानता हूं और इसके बारे में सब जानता हूं, लेकिन तुम्हे एक नाम मिला है, जिससे तुम जीवित हो, लेकिन तुम मरे हुए हो।" अब, आप याद रखना; यह किसका काल था? मार्टिन लूथर, लूथरन का काल था। अब, शुरुआत में उन्हें दोषी ठहराया गया था। उन्होंने यहां तक आरंभ भी

नहीं किया था, वे आरंभ से ही मर चुके थे। उन्हें मरना नहीं था, वे आरंभ से ही मर चुके थे। देखिए, वे तो बस "झपट कर बाहर निकाले गये।"

106 अब इस पर ध्यान दें। अब आइये अगले पद को पढ़ते हैं:

> *जागृत रह, और उन वस्तुओं को जो बाकी रह गई हैं, और जो मिटने को थी, उन्हें दृढ़ कर; क्योंकि मैं ने तेरे किसी काम को अपने परमेश्वर के निकट पूरा नहीं पाया।*

107 अब, वो लूथर के लिए बोल रहा है। हम सभी मानते हैं कि यह—यह लूथरन का काल था, जो सुधारक था। अब उसने क्या कहा? "तुमने एक गलत नाम को लाया है कि तुम 'जीवित' हो, लेकिन तुम मरे हुए हो।" उन्होंने क्या किया? उन्होंने इसे फिर से संप्रदायो में वापस डाल दिया। तब, "मटका, पतीली को 'काला' नहीं कह सकता हैं," ढिंढोरा मत पीटो, "कैथोलिक!" देखो, क्योंकि तुम उसी में वापस आ गए हो, उसके उन्ही पंथो और नामों का उपयोग करते हुए। और, तो, लूथर ने बहुत से कैथोलिक के रीती रिवाज़ और बाकी सारी चीजो को बाहर लाया जो कैथोलिक कलीसिया के पास था, और अपने खुद के लिए एक नाम को ले लिया। देखें, "तुम्हारे पास एक नाम है जो तुम 'जी रहे हैं,' जो इस मरे हुए हजार वर्षो से यहां आ रहा हैं, और तुम अब भी उस नाम को पकडे हुए हो।" "तुम्हारे पास *एक* नाम है," याद है?

108 यह निश्चित करने के लिए यह सही है, दूसरी कलसियाओ ने कहा, "तुमने मेरे नाम को रखा है।" "तुमने मेरे नाम को रखा है।" *इस* काल में उन्होंने "इसे खो दिया।" और *यहां* बाहर आकर और कहा, "तुम्हे एक और नाम मिला है जो तुम 'जी रहे हैं,' लेकिन तुम मरे हो।"

109 ओह, तुम मेथोडिस्ट, बैपटिस्ट, प्रेस्बिटेरियन, लूथरन, और पेंटीकोस्ट, पश्चाताप करो और अपने पापों की क्षमा के लिए यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा लो। समझे? उस पुराने मरे हुए संस्था और उन चीजों से बाहर निकलो, जो एक कैथोलिक कलीसिया से संबंध रखती हैं, जो नष्ट होने जा रही है और उसकी सारी पुत्रियां।

110 कोई भी यह नहीं कह सकता है कि "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा," उन इस तरह की... और इस चीज को, और वे "पवित्र त्रिएकता" कहते हैं। त्रिएकता? मैं चाहता हूं कि कोई व्यक्ति यहां तक बाइबल में *त्रिएकता* शब्द को ढूंढकर भी दिखाए, और आकर मुझे इसके बारे में बताए, केवल

त्रिएकता शब्द को ढूंढें। यहां तक ये वहां पर बिल्कुल है ही नहीं। ऐसी कोई भी एक चीज नहीं है।

111 अब, अब:

> *... और मरने पर है:...*

112 "उसे पकडे रहो जो तुम्हारे पास है, लूथर ने तुम्हें बाहर निकाला है। उसे पकडे रहो, क्योंकि यह मरने पर है। तुम... वे तुम्हें ठीक वापस फिर से इस पर वापस शुद्ध करेंगे। उसे पकडे रहो, यह मरने पर है।"

113 अब:

> *... और मैंने तुम्हे अब तक परमेश्वर के सामने सिद्ध नहीं पाया है।*

114 क्या यह सुंदर नहीं है? ओह, प्रभु! मुझे यह पसंद है। "सिद्ध नहीं है।" क्यों? उनका केवल धर्मीकरण हुआ था, लूथर ने धर्मीकरण का प्रचार किया; आपका पवित्रकरण होना था और उसके बाद पवित्र आत्मा से भरा जाना था। और तब वे अपने आप के नहीं थे, वे पवित्र आत्मा के द्वारा उनमें सिद्ध थे। यह ऐसा नहीं है—यह ऐसा नहीं कि वे मसीही लोग है वे सिद्ध है, यह तो सिद्ध पवित्र आत्मा है जो उनमें है। देखा? यही है जो... जैसा कि मैंने कहा, "यह पवित्र पर्वत नहीं है, यह तो पर्वत पर पवित्र परमेश्वर है। ना ही पवित्र कलीसिया, ना ही पवित्र लोग, लेकिन ये कलीसिया में और लोगों में पवित्र आत्मा है।" यही वो *पवित्र* भाग है, देखो।

115 "और मैंने तुम्हारे कामो को सिद्ध नहीं पाया हैं। तुम सिद्धता तक नहीं आए हो।" क्योंकि अब हम देखते है कि उनके पास ठीक *यहां* पर धर्मीकरण था, धर्मीकरण। और यह... नहीं, मुझे क्षमा करे। धर्मीकरण ठीक *यहां* लूथर के नीचे है; और पवित्रीकरण *यहां है*; और *यहां* पवित्र आत्मा है। देखो? अब, वे तीन तत्व जो उन तीन कलीसिया युगों में काम कर रहे थे, यही पूर्ण जन्म को निर्माण करते हैं। वे केवल माता के गर्भ में छोटे–छोटे जीवाणु के रूप में गर्भधारण हुए थे। यह सही है, पवित्र आत्मा जन्म के लिए आता है।

116 अब मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूं। जब एक स्वाभाविक जन्म होता है, तो सबसे पहले क्या होता है? पानी। अगली चीज? लहू। क्या सही है? अगली चीज? आत्मा। ये सही है।

117 यीशु के शरीर से क्या निकला जब वह मरा? उन्होंने उसके बाजू को छेदा, और पानी और लहू निकला, "और मैं अपनी आत्मा को तेरे हाथ में सौपता हूं।" पानी, लहू, आत्मा।

118 "इसलिए विश्वास के द्वारा धर्मी ठहरना," रोमियों 5: 1, "हमारे पास अपने परमेश्वर के साथ प्रभु यीशु मसीह के जरिये से शांति है," धर्मीकरण। पवित्रीकरण, इब्रानियों 13:12 और 13, "इसी कारण, यीशु ने भी लोगों को अपने ही लहू के द्वारा पवित्र करने के लिये फाटक के बाहर दुख उठाया।" लूका 24:49, "और देखो, तब तक तुम इसी यरुशलेम नगर में ठहरे रहो, जब तक स्वर्ग से सामर्थ न पाओ, पवित्र आत्मा के तुम पर आने के बाद, *तब* तुम मेरे यरूशलेम, यहूदिया, सामरिया में मेरे गवाह ठहरोगे... "

119 ना ही जब आप बिशप बनते हैं, ना ही जब आप डिकन बनते हैं, ना ही जब आप पास्टर बन जाते हैं, ना ही जब आप पोप बन जाते हैं, "लेकिन उसके बाद जब वो पवित्र आत्मा आप पर आता है, तब तुम गवाह ठहरते हो।" तुम केवल अपनी कलीसिया और अपने संस्था की गवाही को दे सकते हो... यदि तुम बस एक डिकन हो, या यदि तुम केवल एक पास्टर हो, या यदि तुम बस एक पोप हो, या यदि तुम... तुम केवल एक संस्था की गवाही को देते हो! लेकिन जब पवित्र आत्मा तुम पर आता है, तो तुम उसकी गवाही को देते हो! और जो काम उसने किये, तुम भी करते हो, क्योंकि उसका जीवन आप में होता है। ओह, ओह! ओह, प्रभु! उसके जैसे। जी हां, श्रीमान। ओह, मैं इसमें से... और लूँगा, मेरा विश्वास है कि आपको वहां मिलता हैं। मैं बस इसके साथ अच्छा अनुभव कर रहा हूं।

120 "वे चीजें मरने पर हैं, उन्हें पकडे रहो।" अब वह यहां पर कहता है, अब तीसरे पद में:

> *सो चेत कर, कि तु ने किस रीति से शिक्षा प्राप्त की और सुनी थी*... (मैं इसे पसंद करता हूं।)... *और उस में बना रह, और मन फिरा और यदि तू जागृत ना रहेगा तो मैं चोर की नाईं आ जाऊंगा और तू कदापि न जान सकेगा, कि मैं किस घड़ी तुझ पर आ पडूंगा।*

121 "अपने धर्मीकरण को दृढता से पकडे रह, इसके साथ चिपके रहो" वे लोग तुम्हे इससे पीछे न करने पाये। "तुने किस रीति से शिक्षा प्राप्त की और सुनी थी।" वे उसी बाइबल को पढ़ते हैं जो हम पढ़ते हैं, देखना। लेकिन

उन्होंने उस समय यह सब नहीं लिया, क्योंकि यह उन पर प्रकट नहीं हुआ था। यह उनके काल के लिए नहीं था। यही कारण है कि वे पुनरुत्थान में ऊपर आ जायेंगे। वे उस उजियाले में चले थे, जो उजियाला उन्हें चलने के लिए मिला था, इसलिए वे ऊपर आ जायेंगे।

122 अब, मैंने बहुत से पेंटीकोस्टल लोगों को सुना है जो बपतिस्मा का प्रचार करते हैं, कहते हैं, “वे लूथरन, और इत्यादि, वे ऊपर नहीं आएंगे।” ओह, जी हाँ। आप वहां के डॉ हेगरे के बारे में छोटी सी कहानी को जानते होंगे। जब मैंने उससे कहा... उसने कहा, “हम क्या हैं? ” मैंने कहा... आप जानते हैं, उन्होंने वहां बेथानी, मिनियापोलिस में उस बड़े लूथरन सेमिनरी को खड़ा किया है। उसने कहा, “अच्छा, तो हम लूथरन को क्या मिला है? ”

मैंने कहा, “तो ठीक है, मैं आपको बताता हूं। मेरा विश्वास है कि आपको मसीह मिला है।”

और उसने कहा, “तो ठीक है, हम—हम पवित्र आत्मा को चाहते हैं।” उसने कहा, “क्या आप सोचते है कि हमें यह मिल गया है? ”

मैंने कहा, “संभावित रूप से।” और मैंने कहा, “आप इस पर विश्वास करते है।”

उसने कहा, “अच्छा, तो आपका क्या मतलब है? ”

123 अब, उनके पास वहां हजारों एकड़ जमीन है जो उनके छात्रों को... यदि वे अपने—अपने भुगतान को नहीं कर सकते हैं, तो वे उन्हें अपने लिए काम करवाते और मक्के को उगाते है। मैंने कहा, “तो ठीक है... ” वहां बस—बस बड़ी–बड़ी मेजें हैं। उन्होंने मुझे उस एक बड़े सेमिनरी में वहां पर इन भिन्न–भिन्न प्रकार के भोजन के पदार्थ का रात्रि भोज दिया। और अब, वे भले मनुष्य हैं; डॉ हेगरे *यहां* बैठे हुए थे, और भाई जैक मूर *यहां* पर; क्योंकि मैंने उन्हें यहां पास बैठाया था कि यदि उन्हें कुछ बड़े–बड़े शब्द को बोलता है जिसे मैं नहीं जानता, तो मैं अपने पैर से जैक को मारकर और उसे देखता कि उसने क्या कहा, आप देखिए। तो फिर, मैंने कहा...

124 वो मेरे बगल में बैठा था, और उसने कहा, “ठीक है, हम जो करना चाहते हैं उसे यहां पर देखेंगे।” कहा, “हम परमेश्वर के लिए भूखे हैं।” और कहा, “हम पेंटीकोस्टल पर, *द गिफ्ट्स* (वे दान) उस किताब को पढ़ा हैं।”

और कहा, "हम निकले... हममें से कुछ भाईयो के झुण्ड ने कैलिफोर्निया के लिए उड़ान भरी, हम उस व्यक्ति से मिले जिसने उस किताब को लिखा था।" (और मैं उसे जानता हूं।) उसने कहा, "'हम कुछ दानो को कार्य में होते देखना चाहते है।' उसने कहा, 'मेरे पास उनमें से कोई दान नहीं है,' उसने कहा, 'मैंने तो केवल उनके बारे में लिखा है।'" सो उसने कहा... और कहा, "फिर जब हम वहां पर आये है और हमने इसे देखा है, हम भूखे हैं। हम परमेश्वर को चाहते हैं।"

125 और मैंने कहा, "तो ठीक है, एक बार एक मनुष्य आगे गया।" आप जानते हैं, वहां उसकी खुद की जमींन पर, आप देखो। "एक मनुष्य आगे गया और एक बड़े खेत को सींच रहा था। और उसने सारी जड़ो को, और इत्यादि सब निकाल लिया, और फिर उसने मकई को बोया। हर एक सुबह वो दरवाजे के पास जाता और बाहर देखता कि क्या वहां कुछ दाने ऊपर आये है। पहली बात जो आप जानते हैं, एक सुबह, दो छोटी पत्तियों की डंठल चिपकी हुयी ऊपर आयी थी।" (किसी ने कभी मकई को उगाया है... जॉर्ज राइट कहां है और वे, रॉय स्लॉटर और वे? आप जानते हैं, वे दो छोटी पत्तियों की डंठल चिपकी हुई होती हैं।) "'ओह,' उसने कहा, 'मेरे खेत में मकई के लिए परमेश्वर की प्रशंसा हो।'"

मैंने कहा, "क्या उसके पास मकई से भरा खेत था?"

उसने कहा, "तो, एक तरह से ऐसा था।"

126 मैंने कहा, "संभवित रूप से, हाँ।" मैंने कहा, "वो आप थे, लूथरन उस पहले सुधारक में, उस छोटी पत्तियों की टहनी को लाते हुए, देखो।" "तो ठीक है," मैंने कहा, "आगे और आगे वो मकई बढ़ने लगी।" मैंने उस "गिरावट," के बारे में नहीं बताया, आप देखे, मैंने सिर्फ उसे मक्का के बारे में बताते गया, जो बढ़ गया।

127 सो मैंने कहा, "मकई उगने लगी, और थोड़ी देर बाद उस पर एक डंठल आ गयी। और उस डंठल ने नीचे की ओर पत्ती को देखा और कहा, 'हा–हा–हा–हा–हा, तुम्हारे पास कुछ भी नहीं है, तुम पुराने औपचारिक लूथरन हो।' समझे? कहा, 'मैं हूं... मैं—मैं उत्पन्न करने वाला हूं, बड़ा मिशनरी समय।' हवा का झोंका आया, और वो छोटी– छोटी डंठल उस तरह से गिर गई और नीचे गिर गई; यह वेस्ली, पवित्रीकरण है।" समझे? यह सबसे बडा मिशनरी का काल था जो हमारे पास कभी रहा था, वेस्लीयन

कलीसिया काल, वेस्ली के समय के दौरान, यहां तक इस काल में से भी बढ़ते हुए। वेस्लीयन कलीसिया काल, यह एक मिशनरी काल था, और यह बिखरा हुआ था। यह क्या करता है, इसने—इसने इसे बिखेर दिया।

128 देखो, यहां तक कि प्रकृति इन तीनों की गवाही को देती है, ठीक यहां पर। प्रकृति स्वयं, आदि में परमेश्वर ने इसे बनाया इसलिए कि यह इस तरह से हो। आपके पास यहां तक बाइबल भी नहीं हो, आप प्रकृति को देख सकते हैं और देख सकते हैं कि आप कहाँ पर हैं। समझे?

129 और फिर… और थोड़ी देर के बाद ये वहां पर बाहर निकल आता है। और क्या निकला? ऊपर मकई की एक गुठली आयी, उस पर दाने थे; यह पेंटीकोस्टल झुण्ड था। अब, पेंटीकोस्टल झुण्ड उसी तरह का एक झुण्ड था, जो *यहां* था। *यहां* से उसके पास दो मक्के के दाने थे, लूथर; *यहां* उसके पास डंठल थी, वेस्ली; और *यहां* आगे उसके पास मकई का दाना था (क्या?) ठीक वैसे ही जैसे *यहां* पीछे था। वही चीज!

130 तो अब ठीक है, यह यहां क्या था? आप कहते हैं, "अच्छा, अब," पेंटीकोस्टल ने कहा, "मेरा मेथोडिस्ट या आप लूथरन से कोई फायदा नहीं है।" लेकिन, आखिरकार, वही जीवन जो दो छोटी टहनीयों में था, डंठल को बनाने में सहायता की। और जीवन जो डंठल में था, मकई को बनाया। तो, आप देखते हैं, यह सब परमेश्वर की योजना है। संभवत: रूप से उनके पास पवित्र आत्मा था; उसी तरह से वेस्ली, पवित्रीकरण के नीचे; लेकिन आज इसने वापस लाया है अन्य जुबान में बोलते हुए और *यहां* वापस आरंभ को लौटते हुए। वही पवित्र आत्मा, आप देखे, वे जो सच्चे हैं। आमीन। जी हाँ।

131 तो ठीक है, "जो तुमने सुना है, उसे पकडे रहो, कहीं ऐसा न हो कि यह मर जाए।" अब चौथा पद, मैं सोचता हूं कि ऐसा है:

> *पर हां, सरदीस में तेरे यहां कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्हों ने अपने अपने वस्त्र अशुद्ध नहीं किए, वे श्वेत वस्त्र पहिने हुए मेरे साथ घूमेंगे क्योंकि वे इस योग्य हैं।*

132 "अब, इसमें से एक संप्रदाय को मत बनाओ, हम ऐसा करना नहीं चाहते हैं।" नहीं, मैंने… मैंने—मैंने गलत पद को पढ़ा है, क्या मैंने नहीं पढ़ा? या तो मैंने नहीं? जी हाँ, हाँ, यह सही है। जी हाँ। तो ठीक है। हाँ, "सरदीस में, कुछ ने अपने वस्त्रो को अशुद्ध नहीं किया।" उनमें से कुछ

ऐसे थे जो अब भी उस चीज़ के आगे नहीं झुके, और खुद को शुद्ध और साफ रखा; वो पुराने पदचिन्ह वहां पीछे पेंटीकोस्ट की ओर, आत्मा से भरे हुए। तब उनमें से कुछ बहुत से, जब लूथर का काल संप्रदाय होने लगा; वे क्या करते है? वे सीधे वापस आरंभ में चले गये जैसे बाइबल में कहा, "अपनी माँ की तरह व्यवहार करने लगते है।" उन्होंने सीधे वापस पीछे जाकर, एक संप्रदाय को आरंभ किया। लेकिन उनमें से कुछ तब बाहर ही खड़े थे जो कि ऐसा नहीं करेंगे, वे परमेश्वर के लिए बाहर ही बने रहे। कहा, उन्होंने कहा—कहा, "अच्छा, तो ठीक है, तुम्हारे पास कुछ नाम है, और वे मेरे सामने चलने के लिए योग्य है, जो सफेद वस्त्र में है। एक संप्रदाय मत बनाओ। अब नीकुलियन की शिक्षा को मत लेना। अपने संप्रदाय को फिर से आरंभ न करें, लेकिन बस परमेश्वर में स्वतंत्र रहें। जैसे–जैसे आप आगे बढ़ते हैं, पवित्र आत्मा आपकी अगुवाही करता है। उनमें से कुछ अभी भी बाकी हैं।"

133 अब 5 वा पद, मैं सोचता हूं:

जिसके पास कान है, वो सुन ले...

134 आइये देखे। नहीं।

जो जय पाए, उसे इसी प्रकार श्वेत वस्त्र पहिनाया जाएगा, और मैं उसका नाम जीवन की पुस्तक में से किसी रीति से न काटूंगा... पर उसका नाम अपने पिता और उसके स्वर्गदूतों के साम्हने मान लूंगा।

135 अब, "कुछ नाम।" बहुत थोड़े, कुछ ही बचे हुए, जो बच गये थे जिन्होंने उसे नहीं लिया... लिया... कैथोलिक की शिक्षा के द्वारा अधिकार में नहीं लिये गये थे। तो ठीक है।

136 अब हम सुधारको की बात करते हैं। मैं चाहूँगा... मैं लूथर की पृष्ठभूमि को छोड़ता हूं, ताकि मैं इसे यहां ला सकूं। अब अगला पद कहता है:

जिस के कान हों, वह सुन ले कि आत्मा कलीसियाओं से क्या कहता है।

137 परमेश्वर, उन्हें इस नीकुलियो से बाहर बने रहने के लिए, यहां चेतावनी देने का प्रयास कर रहा है, "वहां से दूर रहो! अपने वस्त्रो को संसार की किसी भी चीज़ से दूर, बिना दाग के रखो!" केवल उसी में स्वतंत्र रहे, और

वह उनका नेतृत्व करेगा और उनका मार्गदर्शन करेगा। अब, यही वो पहली शुरुआत है।

138 अब, *सुधारक* के द्वारा मेरा अर्थ है, "जो बचकर निकले," यहां तक वे जो सरदीस कलीसिया में भी बच निकले थे। क्या आप समझ सकते हैं, मेरा मतलब क्या है? वे जो तब भी उस भयानक चीज से बच निकले थे। अब ये... अब, हम इसे फिर से कल रात को ले लेंगे और मैं इसे ठीक यहां आगे इसे... पेंटीकोस्टल काल में लेकर आऊंगा, और आपको दिखाऊंगा कि वास्तव में ये ऐसा है। अब, इन चीजों में से कुछ है, जिसकी हम यहां बात करेंगे: "वे इससे कैसे बच निकले?" अब, हम इसे अगले काल के लिए ले लेंगे। देखिए, हमें इसे एक साथ लाने के लिए इस बात को लेना होगा। यदि आप नहीं लेते है, तो आप—आप—आप—आप लोगो को देने से चूक जायेंगे... अगले कलीसिया काल में इसे उत्तम बनाने के लिए, आप देखे। आपको उन्हें यह बताना है जिससे कि उन्हें पता चले बाइबल यहां उसी प्रकार से बताती है, देखो। तो ठीक है।

139 अब, वे जो बच निकले, ये वही है जिसके बारे में वह बात कर रहा है। यह जो ठीक*यहीं है, यहां* यह छोटा सा वो झुण्ड जो धर्मीकारण के द्वारा जी रहा है। अब देखो! वे बाहर आये, उन्होंने उजियाले को देखा, लूथर के ठीक चमकाने... लूथर की मृत्यु के बाद, ना ही लूथर; लूथर ने कभी कोई संगठन नहीं बनाया; यह उस के बाद का वो झुण्ड था। वेस्ली ने कभी कोई संगठन को नहीं बनाया; यह तो उसके बाद वो झुण्ड था। वे पेंटीकोस्ट के पुराने संस्थापकों ने कभी एक संगठन को नहीं बनाया; ये तो उनके बाद का झुण्ड था। यह तो वे लोग है जो इसे करते है, देखो, यह दूसरा दौर है जो इसे करता है। वो उजियाले का सच्चा दूत एक संगठन को कभी नहीं बनाएगा! और आप इस—इस पेंटीकोस्टल काल पर देखेंगे उस संगठन के अंत में भी क्या आता है; देखो, जब पवित्र आत्मा हमारे लिए इसे प्रकट करता है।

140 अब, उसने कहा, "तुम्हारे पास थोडा सा ही उजियाला बचा हुआ है, बस थोड़ा सा ही, यह ख़त्म होने पर है; यह घटते जा रहा है, ये बस धर्मीकरण ही है, किसी भी तरह से वे आपको घुमा सकते हैं। तुम्हारे पास फिर भी कोई जीवन नहीं है, क्योंकि तुमने गलत नाम को लिया है। लेकिन तुम्हे—तुम्हे... कम से कम तुम्हे बाहर खीच कर निकाला गया है। देखो,

तुम्हे... तुम—तुम रोमन कलीसिया से बच निकले हो। तुम उस सारे मत–सिद्धांत से बच निकले हो, और तुम कम से कम उससे दूर निकल कर आए हो।" अब, आप उसी बाईबल को पढ़ रहे हैं। अब, लेकिन वही बाइबल जो पवित्र आत्मा सिखाती है... उसने कभी भी उनको दोषी नहीं ठहराया जो उनके पास था। कहा, "अब यही... उसे पकडे रहो जब तक मैं नहीं आता हूं। देखिए, केवल उसे पकड़े रहे।"

141 अब, कलीसिया काल लगभग 1520 से आरंभ होता है, जब रोमन, विश्वव्यापी कैथोलिक कलीसिया पूरे जोरों पर थी। यह अक्टूबर के इक्कतीस तक चला (यदि आप इसे लिख रहे हैं तो।) अक्टूबर के इक्कतीस तारीख तक, 1570 के A.D (मृत्यु के बाद) में, जब जर्मनी के विटेनबर्ग में मार्टिन लूथर ने उस कलीसिया के दरवाजे पर पंचानबे लेख (कीले) को ठोक दिया उस समय से लेकर सुधारक का समय आरंभ हो गया था। क्या आपने उन तारीखो को जान लिया? मुझे इसे फिर से लाने दें ताकि आपको पक्का हो जाए। अक्टूबर इक्कतीस तारीख 1570 के A.D (मृत्यु के बाद), जब मार्टिन लूथर ने जर्मनी के विटेनबर्ग, W–i–t–t–e–n–b–u–r–g, विटेनबर्ग, कलीसिया के दरवाजे पर पंचानबे लेख (कीले) को ठोक दिया। उस तारीख से लेकर सुधारक आ गये, आग ऊपर उठना आरंभ हो गयी। उसने वहां खड़े होकर कैथोलिक कलीसिया का विरोध किया, जो इस प्रकार से उसके हाथ में था, उसने कहा, "क्या यह मसीह की पवित्र देह होगी? यह तो एक पपड़ी और कुछ मदिरा है!" और "धडाम!" उसने इसे फर्श पर फेंक दिया। ये सही है।

142 उसने कैथोलिक कलीसिया का विरोध किया, और... जो आरंभ हुआ... उस वक्त कुछ लोग बाहर खींचकर आ गये। तो ठीक है, ... यह आरंभ हो गया था। लेकिन यह एक—एक राजनीतिक शक्ति की एक लड़ाई की तुलना से अधिक सच्ची मसीही कलीसिया की लड़ाई थी, मसीही दर्जे के लिए। उन्होंने तो केवल कलीसिया से बाहर आने के लिए और एक और कलीसिया बनाने के लिए, एक राजनीतिक अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने कभी भी सुधार नहीं किया, कैथोलिक कलीसिया से बाहर आकर कलीसिया में पवित्र आत्मा और सामर्थ को वापस लाने के लिए कभी नहीं किया, क्योंकि उन्होंने इसे अस्वीकार किया था। हुंह? यह एक राजनीतिक (रैली) संगठन था। यह वो जगह है जहाँ निश्चित रूप से यह वचन सही बैठता है कि, "तेरे पास एक नाम है जिससे तू जीवित रहता है, और मरा

हुआ हैं।" दूसरे शब्दों में, उन्होंने बस प्रोटेस्टेंट संप्रदाय को बाहर लाया, ऐसा ही है। उसने एक पुत्री को एक कलीसिया से बाहर लाया। वहां से... उसने वेश्या को वेश्यवृती से बाहर लाया। बिल्कुल ठीक वैसा ही हुआ था। उसने अतल्याह को इज़ेबेल से बाहर लाया।

143 अब, जो कोई भी सुधारको के विषय में पढ़ता है वह जानता है कि ऐसा ही है, क्योंकि वह बस साधारणता से... कुछ पुराने अवशेषों और क्रम जो... और रीती-रिवाज़, उसने—उसने बस उन्हें ध्वस्त कर दिया, लेकिन जहां तक कलीसिया में पवित्र आत्मा को वापस लाना जैसे ये *यहां* पहले था, उसने इसे नहीं किया। नहीं श्रीमान। यह आत्मिक लड़ाई से बढ़कर एक राजनीतिक लड़ाई थी। यह पवित्र आत्मा के बजाय राजनीति थी। उसने अभी तक कलीसिया में प्रवेश भी नहीं किया था। ओह, भाई, वो वापस नहीं आया था; वह *यहां* पर आता *है,* ना कि *वहां* पर।

144 अब, यह एक बड़ी राजनीतिक (रैली) संगठन का जमाव था, लेकिन ये पवित्र वचनो और—और पवित्र आत्मा के लिए नहीं था। यह एक राजनीतिक (रैली) संगठन का जमाव है, जिसे उसने कुछ क्रूस के पुराने अवशेष से छुटकारा पाने के किया था, और "*जय हो मरियम,*" और उन सब से। लेकिन उसने फिर भी एक कैथोलिक की शिक्षा को बाहर लाया। उसने फिर भी इसे बाहर लाया... आप इसे क्या कहते हैं? पवित्रीकरण की सभाये जो कुछ भी ये वहां पर होता था जब वे ईस्टर की सुबह वहां पर नीचे जाते और पास्टर उन्हें कुछ "क्रिसमस की शुभकामना" कहता, आप जानते हैं। "आप उन्हें उसके बाद फिर नहीं देखेंगे अगले क्रिसमस के समय आने तक," उसने कहा, आप जानते हैं। वो... ओह, पुष्टि—पुष्टिकरण की सभा, मैं जो बताना चाह रहा हूं। उन्हें वहां नीचे ले जाते है और उनकी पुष्टि करते है, उन्हें पहला प्रभु भोज देते है, और उनकी पुष्टि करते है। पुष्टि करने जैसी कोई चीज नहीं है। पुष्टि करने के लिए बाइबल में, केवल एक ही चीज बतायी गयी है, जिससे पुष्टि होती है, जब बाईबल में—में, जब परमेश्वर ने चिन्ह और अद्भुत कार्यो के साथ अपने वचन की पुष्टि की है। यही वो पुष्टि करना है, एक लुथरन कलीसिया से संबंधित होना यह पुष्टि नहीं है, लेकिन परमेश्वर आप में अपने वचन की पुष्टि करता है। "और प्रभु... उनके साथ काम करता था," मार्क 16, "चिन्हों के साथ वचन की पुष्टि करते हुए।" यही पेंटीकोस्टल कलीसिया की पुष्टि करना है। यह पुष्टि... परमेश्वर खुद के जीवित होने की पुष्टि करता हैं, कलीसिया में एक अद्भुत कार्यो को

करने वाला परमेश्वर, उस रूप में, अन्य जुबान में बोलते हुए, अन्य जुबान का अनुवाद करते हुए, और उन्ही कामो को करते हुए जो उन्होंने आरंभ में किये थे।

145 क्या मैं आपको थका रहा हूं? [सभा उत्तर देती है, "नहीं"—सम्पा।] तो ठीक है। अब, ध्यान दें, उन्होंने पवित्र आत्मा की बेदारी को वापस नहीं लाया; उन्होंने एक नये कलीसिया काल को लाया। वे उस एक को खींच कर वापस बाहर लाया; वो एक जो रोमन सिद्धांत की संगठना से बच निकला, ताकि प्रोटेस्टेंट सिद्धांत की संगठना बनाये। बस इसी काम को उन्होंने किया। सीधे कढाई से उछलकर आग के अंदर, देखो। ये—ये सही है। बिल्कुल ठीक।

146 इज़ेबेल तब एक पुत्री को जन्म देती हैं। और अब ऐसा नहीं सोचना कि—कि मैं इसे बस होशियार बनने के लिए कह रहा हूं, मैं इसे कह रहा हूं क्योंकि बाइबल ने ऐसा कहा है! बाइबल में प्रकाशितवाक्य 17 में कहा, "वह वेश्याओ की माता थी।" यीशु ने यहां कहा, "बस जैसे इज़ेबेल थी, वैसा ही वह भी होगी।" और उसने उन पुत्रियों को सामने लाकर रखा, जिन्होंने उस—उस देश को दूषित किया था, जो दूषित नहीं था। अब, यह वही है जो प्रोटेस्टेंटवाद ने परमेश्वर की सच्ची आत्मा के लिए किया था, इसने उस चीज़ को दूषित कर दिया और इसे वापस फिर से ठीक दूसरे संगठन में रख दिया। जो कि, यदि परमेश्वर ने चाहा तो, रविवार की सुबह, मैं आपको यह दिखाना चाहता हूं कि—कि—कि वे पशु के निमित एक छाप को बनाते हैं, और वो पशु रोम था। और उन्होंने इसी *तरह* एक छवि को बनाया है। यह क्या था? एक संगठन! ओह, मुझे आशा है कि यह लोगों के ह्रदय के अंदर चला जायेगा।

147 और आप सोचते होंगे कि मैं अपने पूरे जीवन में संगठन से इतना अधिक क्यों लड़ा हूं; मैं खुद भी नहीं जानता। लेकिन ये मेरे भीतर *कुछ* तो पुकार उठता था; मैं इसकी सहायता नहीं कर सका। मैंने सोचा, मैं हमेशा महिलाओं को इतना नीचे क्यों करता था? समझे? मेरे सारे जीवन में। नहीं... मेरा मतलब... मेरा मतलब सच्ची महिलाओं से नहीं है; मेरा मतलब है कि ये *इस तरह से होना चाहिए,* आप जानते हैं, नैतिक प्रकृति और सब कुछ उनमें से खत्म हो चूकी है। आप जानते है। जो एक तरह से मैं... मुझमें *कुछ तो* है।

148 जब मैं छोटा सा, छोटी उम्र का लड़का था, तो मैं उन महिलाओ को वहां सड़क पर आते देखता था, और उनके… वे जानती थी कि उनका पति काम करने के लिए बाहर गया है, वे वहां पर किसी पुरुष के साथ होती, नशे में; सड़क के किनारे पर, और वे उन्हें वहां सड़क पर यहां और वहां चलते, उन्हें घर पर लाने के लिए, अपने पति की खाना पकाने के लिए उन्हें आपे में करें। मैंने कहा कि वे उन्हें भेदने के लिए एक स्वच्छ बुलेट के लायक भी नहीं हैं। मैंने कहा कि वे जानवरों की तुलना से भी ज्यादा गिरे हुए हैं, इस तरह की चीज को करने पर। और मैं… जब मैं सत्रह, अठारह वर्ष का था, तो मैं एक—एक सड़क पर आगे एक लड़की को देख रहा था, मैं सड़क के दूसरी तरफ चला गया, मैंने कहा, "वो दुर्गन्ध से भरा सांप है।" देखा? और मैं वास्तव में घृणा करने वाला हुआ करता था, लेकिन जब मैंने अपने ह्रदय में परमेश्वर को पाया, तो परमेश्वर ने मुझे बताया कि उसके पास वहां कुछ रत्न हैं, उसके पास कुछ सच्ची महिलाएं हैं। वे सब खुद को इस तरह से अशुद्ध नहीं करेंगी; परमेश्वर का इसके लिए धन्यवाद हो।

149 जब मैं वहां अफ्रीका में था, जब मैं वहां स्विट्जरलैंड में था, और जब मैं रोम में था, तो मुझसे यह सवाल बहुत बार पूछा गया है, "हे, भाई ब्रंहम, बताये अमेरिका में आप लोगो के पास कोई भी लज्ञाजनक महिलाये, क्या बिल्कुल ही नहीं है? वहां से हर एक गीत जो यहां पर आता है, वहां आपकी महिलाओं की कुछ तो गंदगी होती ही है।"

150 मैंने कहा, "वह तो अमेरिकी है। लेकिन हमारे पास वहां पर एक और राज्य है, यह परमेश्वर का राज्य है; वे स्त्रियां सबसे महत्वपूर्ण भाग है।" वे हैं!

151 बाईबल ने कहा, वहां—वहां नबियों में, कहा… मैं सोचता हूं कि यह लगभग यशायाह के 5 वें अध्याय में था, मुझे पक्का नहीं है, यह वहां 5 वें या 6 वें अध्याय में होगा; उसके बारे में बोलते हुए, "धन्य है वो सिय्योन की पुत्री, जो उन सारी चीजों से उस दिन में बच निकलेगी।" वो सड़क पर वहां किस तरह चलती है; वे अपने लम्बे जुराबे नीचे की ओर मोड हुए होती है; जब वे चलती है तो वो ठुमकने लगती है, इस तरह से मटकती है, और उन चीजो को वे करेगी। ठीक बिल्कुल उसी तरह वे अभी कर रही हैं, बिल्कुल पूरी तरह से वैसे ही। एक पुरुष के जैसे वस्त्र पहनती है, जो परमेश्वर के लिए घृणत है।

152 मैंने कुछ समय पहले एक धार्मिक समाज को देखा, वहां जाकर एक... किसी तरह का एक छोटा सा भोजन जो उनके यहाँ लगभग हर रात होता है, और ये सभी महिलाएं इन वस्त्रो को पहने हुए अंदर जा रही होती... या—या क्या—या वो क्या चीज है जो आप उन्हें कहते हैं? ना ही छोटी निकरे, लेकिन अन्य तरह का वस्त्र होता है। जी हाँ, वे पजामे की तरह की पेंट होती हैं। या वे वहां की चीजें। सभी पर... उन्हें एक पजामे की तरह की पेंट चाहिए, तो ठीक है; भाई, उसका किनारा लगभग *इतना* चौडा होता है। ये सही है। सिरा जो आता है... *पैरो पर लटकता रहता है,* जो "जो आपके पैर पर होता है," और ठीक ऐसा ही है जो उन्हें चाहिए। ये सही है।

153 लेकिन, ओह, आप कहते हैं, "तो ठीक है, अब, मैं सोचता हूं कि एक स्कर्ट पहनने वाली महिला के लिए इसकी तुलना में इसे पहनना अधिक सभ्य है।"

154 परमेश्वर ने कहा, "यह एक स्त्री के लिए ऐसे वस्त्र पहनना उसकी दृष्टि में एक घृणत बात है... " और जब एक स्त्री एक पुरुष की तरह अपने बाल को काटती है... परमेश्वर एक स्त्री को स्त्री की तरह देखना चाहता हैं, कि वो एक स्त्री की तरह वस्त्र पहने, एक स्त्री की तरह व्यवहार करें।

155 और वह नहीं चाहता है पुरुष एक लम्बे बाल की कलम के साथ हो*इस* तरह से नीचे की ओर लटकती हुई कलम, और फिर, जैसे उसके सिर के पीछे एक बतख बैठी हुई हो। वो उससे चाहता है कि वह एक पुरुष की तरह दिखे। जी हां, श्रीमान। ओह, वे इतना स्त्रीयो की तरह कपडे पहनते हैं, इतना तक कि शायद ही उन्हें पता हो कि वे स्त्री है या पुरुष हैं। यह—यह दयनीय बात है, इन लम्बे बाल को रखने वाली और ढीली पोशाक पहनने वाली (विरोधी) पीढ़ी और सब कुछ आज हमारे पास है। कोई आश्चर्य नहीं कि हम अंत समय में जी रहे हैं, वहां इस संसार में कुछ भी नहीं बचा है, सिवाय परमेश्वर के लिए कि इस पर अपना क्रोध डाले के और इसे जलाये। बस ऐसा ही है। एक न्यायी और पवित्र परमेश्वर और कुछ भी नहीं कर सकता।

156 उन्होंने यीशु मसीह के लहू का तिरस्कार किया है! उन्होंने खुद को हठधर्मी किया है! वे एक संगठन के अंदर चले गए हैं! और वो... बुजुर्ग कुछ पवित्र पिता (फाठेर) उसके... वे बुजुर्ग अविवाहित पुरुष अपने कॉलर

को मोडे हुए होते है, आकर और उन्हें कहते है, “मेरे धन्य बच्चो।” इसका मतलब एक सुअरी कह रही है इससे ज्यादा और कुछ नहीं है।

157 मैं आपको बताता हूं, आज रात हमें जो चाहिए, वो है बाईबल और पवित्र आत्मा की ओर वापस फिरे, भाई, और पुनरुत्थीत मसीह की सामर्थ चिन्ह और चमत्कार और अद्भुत कामो को करते हुए जो कलीसिया के अंदर वापस आ रही है। आमीन! यही सुसमाचार है। जी हां।

158 आगे लाया... तो... हां, यह सही है, इसने किया। उस—उस—उस बेदारी ने वहां कुछ बहुत ही अच्छी चीजों को किया, उस बेदारी ने। लेकिन इसने पवित्र आत्मा को आगे नहीं लाया। उन्होंने इसे आगे नहीं लाया उस लौदिकिया काल में आने तक, आगे पेंटीकोस्टल काल में। लेकिन इसने एक चीज को किया। इस बेदारी ने कुछ चीजों को किया, जो उसने कहा, “अब इसे मरने मत दो, मजबूत करो और इसके साथ जोड़ते रहो।” देखा?

159 इसने फिर से लोगों के लिए एक मुफ्त बाइबल को लाया। लूथरन काल ने एक मुफ्त बाईबल को लाया। उन्होंने अपनी प्रेस (छपाई की मशीन) बनायी और दुनिया को बाइबल देना आरंभ किया। परमेश्वर लुथरनस को उसके लिए आशीष दे! जी हां, श्रीमान। उन्होंने बाईबल को फिर से आम जनता के हाथ में रख दिया; जो बस केवल याजक के लिए ही हुआ करती थी। यहां तक इसे कभी देखना भी नहीं था; क्योंकि ऐसा पोप ने कहा था, और वह ईश्वर था; इसलिए उसने जो कुछ भी कहा, इसे किया गया।

160 सो अब, लूथरन की बेदारी, जिसे वे, “मजबूत करना” चाहते थे। अब आपके हाथ में बाईबल है, अब इसे पढ़ें! इस पर विश्वास करे! इसे अलमारी पर ना रखे, कहते हैं, “ठीक है, हमारे पास एक बाइबल है।” जिससे तुम्हारा वहां कुछ भी भला नहीं होने वाला है। वहां पेंटीकोस्ट में आज भी बहुत सारे लूथरन हैं, बाइबल को अपने पास रखते है और उस बात को लेते है, जो कोई भी इसके बारे में बताता है। भाई, वचन को पढ़ो! “वचन में ढूंढो, क्योंकि वही वो वचन है जो मेरे बारे में बताते है,” यीशु ने कहा। “उनमें, आप सोचते है कि आपके पास अनन्त जीवन है।” यही वो बात है जो आपको करना है: वचन को पढ़ें!

161 अब, उसने धर्मी जन से कहा, “इसे पकडे रहो... इसे जाने मत—मत देना।” और एक और चीज जिसे वो चाहता था कि पकडे रहे, उनके पास उनमें थोड़ी शक्ति बची थी, जो थी... लूथरन की बेदारी, दूसरी चीज

जो उसने की थी, इसने उजियाले के लिए धर्मीकरण की शिक्षा को लाया। कैथोलिक धर्मीकरण को नहीं लेते हैं; ये कैथोलिक कलीसिया है।

162 बिल्कुल उस याजक की तरह, उन्हें उसे कुछ समय पहले यहां उस जगह से दूर रखना था। उसने कहा, "कैथोलिक कलीसिया के अलावा और कहीं भी कोई उद्धार नहीं है।" उद्धार मसीह में है; ना कि कैथोलिक कलीसिया में, ना ही प्रोटेस्टेंट कलीसिया में। यह मसीह में उद्धार है। लेकिन कैथोलिक विश्वास करते है कि... वे परवाह नहीं करते है कि बाईबल क्या कहती हैं; ये तो ऐसा है कलीसिया क्या कहती है। समझे? आप उनसे बात नहीं कर सकते है, क्योंकि वहां कोई जरिया नहीं है—वहां उनसे बात करने काकोई और तरीका नहीं है। वे परवाह नहीं करते। उनके पास... वे आपसे उनके कैथोलिक की शिक्षाओ पर बात करेंगे, ऐसा ही कुछ भी; लेकिन आप बाइबल पर आते हैं, वे—वे बस इसे छोड़ देते हैं, "यह तो ऐसा है कलीसिया क्या कहती है।"

163 लेकिन यीशु ने कहा, इसी बात पर, यीशु ने खुद कहा, "यदि कोई भी मनुष्य कुछ भी इस में से निकलेगा या इसमें कुछ भी जोडेगा, तो वह अपने भाग को जीवन की किताब से निकाल देगा।" यीशु ने कहा, "हर एक मनुष्य का शब्द झूठा, और मेरा वचन सत्य होगा। आकाश और धरती टल जायेगे, लेकिन मेरा वचन कभी नहीं टलेगा।" क्या यह सही है? ओह, यह वहां पर है, भाई।

164 मैं परमेश्वर के वचन में एक विश्वास करने वाला हूं! ये सही है। और न केवल उस वचन पर जो परमेश्वर *वहां* बोलता *है,* फिर मैंने स्वर्गीय पिता से मांगा कि मुझे उस पवित्र आत्मा को दे ताकि उस वचन की*पुष्टि करे*, ताकि मसीह को मुझमें जीवित बनाये। जिससे मैं जान जाता हूं कि मुझे अनंत जीवन मिला है, इसलिए नहीं कि मैं इसके योग्य हूं, क्योंकि उसके अनुग्रह ने मुझे इसे दिया है। यही वो चट्टान है। "इस चट्टान पर मैं अपनी कलीसिया को बनाऊंगा," उसने कहा।

165 तो ठीक है, धर्मीकरण। तो ठीक है। यह तब की बात है, जब उन्होंने पहले से ही कुछ आगे लाया था, जिसे उन्हें मरने नहीं देना था, जो पहले था, उन्होंने फिर से अपने हाथ में उनकी बाइबल को लिया था। लूथरन ने ऐसा ही किया। और एक और बात, उनके पास शिक्षा थी "विश्वास के द्वारा धर्मी ठहरना।" यही लूथर ने सिखाया, हर एक जन जानता है कि यह

उसकी शिक्षा थी। धर्मी... क्या आप इसे नहीं देख सकते कि यह कितना सिद्ध है? इसके बाद वेस्ली पवित्रीकरण के साथ आता हैं, उसके बाद यहां पवित्र आत्मा के बपतिस्मा के साथ पेंटीकोस्टल आता है। बस सिद्ध रूप से। अब मैं...

166 "तुम्हारे पास कुछ चीजें हैं, अब तुम उन्हें पकडे रहो, और—और उन्हें मरने मत दो। यदि तुम उसे पकड़ कर नहीं रखते हो, तो मैं जल्द ही एक चोर की नाई आऊंगा और तुम फिर से संप्रदाय में वापस चले जाओगे।" और उन्होंने यही किया, बिल्कुल इसी तरह, वापस उसमें चले गए। "तुम फिर से नीकुलीयों में वापस आ गए, क्योंकि तुम सीधे वापस एक संप्रदाय के अंदर चले जाओगे। पकडे रहो! उस बाइबल को पढ़ते रहो, और धर्मीकरण को बनाये रखो, और आगे बढ़ते रहो।" लेकिन वहां से थोडे से बचे हुए बाहर आये। थोड़े से शेष।

167 उसके बाद, पहले आता है, लूथर; और फिर ज़िंगली आता है; और आगे, केल्विन; और आगे, और इत्यादि, आगे वेस्ली की ओर। लेकिन वहां से थोडे से बचे हुए आये जिसे पवित्रीकरण सिखाया गया। और पवित्रीकरण से बाहर छोटा सा अवशेष बाहर आया जो पवित्र आत्मा में चला गया। देखिए, वो थोड़े से बचे हुए, साथ ही वहां से आगे आते हुए, उसे—उसे जीवित रखते है। तो ठीक है।

168 लेकिन, तीसरा, उन्होंने अपने साथ बहुत सारे पागान की तरह ही शिक्षा को बाहर लाया, जैसे कि संप्रदाय, झूठे बपतिस्मा। अब, वे छिड़काव करने और इस तरह की इत्यादि बातों के साथ वे बाहर आये, और पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा। उन्होंने कैथोलिक के सिद्धांत को लाया। सही मायने में... सही मायने में वे नाम के साथ सही बैठ रहे थे... उसके साथ... यीशु ने यहां क्या कहा, "तुम्हारे पास एक नाम है जिससे तुम जीवित हो, लेकिन तुम मरे हुए हो।" यह सही है। तो ठीक है।

169 चौथा, यह सच है कि उन सुधारको ने उनके बहुत से चमकाये हुए अवशेषों और रीती रिवाजों और इत्यादि को खत्म कर दिया, लेकिन यह कलीसिया में विफल रहा और सुधारक के द्वारा जो वापस लौटाया जा रहा था, उन चिन्हों के साथ सम्पूर्ण सुसमाचार की शिक्षा को लौटाया जा रहा था, ये विफल रहा। यह कभी भी लूथरन कलीसिया के पास नहीं था। उनके

पास यह कभी नहीं था; और वेस्लीयन के काल में उनके पास कभी नहीं था। ये केवल उनके पास इस लौदिकिया काल के अंत में ही था।

170 अब, जब हम उस में आते हैं, तो हम सीधे वचनो में वापस आयेगे और आपको ठीक–ठीक इसे बताएंगे कि उन्होंने किस तरह से इसकी प्रतिज्ञा की थी। उनके पास... उन्होंने पवित्र आत्मा की बेदारी को वापस नहीं लौटाया था।

171 वे मूर्तियों से हट गये; और वे मूर्तियों से दूर हो गए, यह सच है। उन्होंने मूर्तियों को कलीसिया से बाहर कर दिया: मरियम, और युसूफ, और—और पतरस और पौलुस और वे सभी। वे मूर्तियों से मुड़ गये, लेकिन वे मसीह के जी उठने की ओर नहीं मुड़े। लूथर ने उन्हें मूर्तियों से मोड़ दिया, लेकिन कुछ अधिक उसमें चले गए जैसे कि राजनीतिक या एक—या एक संप्रदाय या जैसे संगठन, जिससे कि खुद को बस एक दुसरा संगठन बना सके (पहले की तरह एक छवि को) और संप्रदाय के द्वारा इसे विकसित होने का प्रयास कर सके।

172 और अब वे फिर भी लड़ रहे हैं। मेथोडिस्ट अभी भी... सारे बैपटिस्ट मेथोडिस्ट बनना चाहते है। और सारे लूथरन चाहते हैं कि सारे बैपटिस्ट और मेथोडिस्ट, लूथरन बन जाये। पेंटीकोस्टल चाहते है कि सारे बैपटिस्ट, लूथरन और बाकी के सब, पेंटीकोस्टल बन जाये। देखो, आप केवल अपने संप्रदाय में जोड़ते रहते हैं। लेकिन पहले स्थान में यह परमेश्वर की योजना नहीं है। लौटाया जाना परमेश्वर की योजना थी जिससे कि उसे वापस लेकर आये जो आदि से था।

173 देखो! उसे पुनरुत्थीत करता है! यदि यह पुस्तक जमींन पर गिरती है, तो अब एक और पुस्तक को लेते है और जिससे कि उस पुस्तक की जगह को ले, तो ये लौटाया जाना, पुनरुत्थान नहीं है। आपको *उसी* एक पुस्तक को ऊपर उठाकर ऊपर रखना है। आमीन। तो यदि कलीसिया अन्धकार काल में से होते हुए मर गई और पूरी तरह से यहां पागान में वापस आ जाती हैं, तो लौटाया जाना... यह तो एक सुधारक होता है, जो सुधार करने के लिए है, लेकिन *सुधार किया जाना,* और *फिर से जन्म लेना,* दो अलग–अलग चीजें हैं। समझे? उन्होंने सुधार को वापस लाया, सुधार को करते हुए, उनकी बहुत सारी मूर्तियों और इत्यादि को निकालते हुए, लेकिन उन्होंने कभी भी कलीसिया में पवित्र आत्मा को वापस नहीं लाया।

ओह, प्रभु का नाम धन्य हो! भाईयो, बहनो, क्या आप इसे देख सकते हैं? उन्होंने कभी भी पवित्र आत्मा को वापस नहीं लाया, क्योंकि यही है जो वास्तव में सच्चे सुसमाचार के प्रकाश को लाता है... अब अपने दिमाग पर जोर डाले। वो एक जो सच्चे सुसमाचार के प्रकाश को लाता है वो*यहां* नीचे कलीसिया का दूत है। अब, हम इसे रविवार को देखेंगे।

174 अब, वे उस उजियालो को चमकायेंगे, उन उजियालो के ऊपर, और मसीही उजियालो को, लेकिन वे हर एक जन उस संगठन में वापस चले जायेंगे। लेकिन वहां एक आ रहा है जो उसके विरोध में खड़ा हो जाएगा। जी हां, श्रीमान। और वो वहां से एक बचे हुओ को झटका देगा बस उतना ही निश्चित रुप से जितना कि मैं इस पुलपिट में खड़ा हूं। ये सही है। और वो सीधे वापस आरंभ में जाएगा। और मैं पुराने नियम और नए नियम से वचनों को लूंगा और आपको साबित करूंगा कि वो ऐसा करेगा, जो लौदिकिया की कलीसिया का दूत है, यह सही है, सीधे मूल पर वापस जाकर और इस चीज को यहां फिर से पुनरुत्थीत करेगा। और पुनरुत्थान *यहां* इस दिन में आ जाएगा। ये सही है।

175 लेकिन लूथर ने कलीसिया को झटका दिया, वो जो एक बच निकले। वो *एक* बच निकले, एक कदम, पवित्री... धर्मीकरण। वे जो एक बच निकले, उसने पागानवाद से एक कदम और आगे रखा। यह ठीक बात है। अगली बार, वो दो कदम को आगे रखता है। ऐसा ही है।

176 बिल्कुल वैसे ही... क्या आपने वहां बाईबल में ध्यान दिया वहां—वहां मंदिर के पीछे से पानी निकल रहा है? और उसने कहा कि उसने अपने घुटनों तक पानी को देखा; उसके बाद अगला, उसकी कमर तक पानी; और उसके बाद अगला, यह उसके सिर के ऊपर तक चला गया। लेकिन जब यह उसके सिर के ऊपर से चला गया, तो उसे एक ऐसे स्थान पर जाना पड़ा था, जहाँ वह तैर सकता था। देखो, उसे तैरना था।

177 तो हम अब एक ऐसे स्थान पर जा रहे हैं ये या तो तैरना है या डूबना है। बस ऐसा ही ही। यह आपको डुबा देगा और आपको पूरी तरह से बहा देगा, या तुम्हें उस एक में लेकर आएगा। तो, यह तैरना या डूबना है! हाल्लेलुय्या! ओह, मैं पवित्र आत्मा के लिए बहुत खुश हूं! क्या आप नहीं है?

मैं बहुत ही खुश हूं कि मैं कह सकता हूं कि मैं उनमें से
एक हूं।
मैं उनमें से एक हूं,... (*वे* कौन? ना ही *यह, वो,* या
वह, या *वह* ।)
... बहुत ही खुश कि मैं कह सकता हूं कि मैं उनमें से
एक हूं, हाल्लेलुय्या;
उनमें से एक, उनमें से एक,
मैं बहुत ही खुश हूं कि मैं कह सकता हूं कि मैं उनमें से
एक हूं।

क्या यह अच्छा नहीं दिखाई देता? सुनना:

वे ऊपरी कोठरी में एकत्र हुए थे,
उसके नाम में सारे प्रार्थना कर रहे थे,
उनका पवित्र आत्मा से बपतिस्मा हुआ था,
और सेवा के लिए सामर्थ आ गई;
अब उस दिन पर उसने उनके लिए जो किया
वो तुम्हारे लिए भी वही करेगा,
मैं बहुत ही खुश हूं कि मैं कह सकता हूं कि मैं उनमें से
एक हूं।

ओह, उनमें से एक, मैं उनमें से एक हूं,
मैं बहुत ही खुश हूं कि मैं कह सकता हूं कि मैं उनमें से
एक हूं, हाल्लेलुय्या;
उनमें से एक, उनमें से एक,
मैं बहुत ही खुश हूं कि मैं कह सकता हूं कि मैं उनमें से
एक हूं।

178 क्या वे धर्मविद्यालयो में जाते थे? जी नहीं। उनमें से कुछ तो अपना नाम भी नहीं लिख सकते थे। ये सही बात है। पतरस नहीं लिख सकता था। बाइबल ने कहा कि वो एक गवार और अनपढ़ मनुष्य था, वो और यूहन्ना। लेकिन उन्होंने उस पर ध्यान दिया था, क्योंकि वे जानते थे कि वे यीशु के साथ रहे थे।

ये लोग हो सकता है भले ही सिखा न हों (पढ़े–लिखे)।
या अभिमानी सांसारिक प्रसिद्ध लोग ("ओह, परमेश्वर
धन्य हो, मैंने बहुत से *फलां–और–फलां* को देखा
है।"),
उन सभी ने अपने पेंटीकोस्ट को पाया हैं,
यीशु के नाम में बपतिस्मा लिया;
और वे अब बता रहे हैं, दोनों दूर–दूर तक,
उसकी सामर्थ अब भी वही है,
मैं बहुत ही खुश हूं कि मैं कह सकता हूं कि मैं उनमें से
एक हूं।

ओह, उनमें से एक, उनमें से एक,
मैं बहुत ही खुश हूं कि मैं कह सकता हूं कि मैं उनमें से
एक हूं;
उनमें से एक, उनमें से एक,
मैं बहुत ही खुश हूं कि मैं कह सकता हूं कि मैं उनमें से
एक हूं।

179 क्या आप इससे खुश नहीं हैं? मैं उनमें से एक होने के लिए बहुत ही खुश हूं। मैं बल्कि उनमें से एक होना चाहूंगा उसकी तुलना में जो भी मैं जानता हूं। ओह, मैं उनमें से एक होना चाहूंगा उसकी तुलना में कि मैं उस संयुक्त राज्य का राष्ट्रपति बनू या सारे संसार का राजा बनू। मैं... यदि प्रभु यीशु यहां चलकर आता है, कहता हैं, "मैं तुम्हें वापस बीस वर्ष की उम्र में बदल दूंगा और तुम्हे एक प्रधान बना कर सारी दुनिया का एक राजा बना दूंगा, और तुम्हे इस धरती पर दस हजार वर्ष जीने के—के लिए दे दूंगा, तुम बीस वर्ष की उम्र में बने रहोगे; कभी बीमार होने का दिन नहीं होगा, एक ह्रदय का दौरा, और आनंद और सब कुछ होगा, और सारी धरती का राजा, जीने के लिए दस हजार वर्ष; या तो क्या आप उनमें से एक होना चाहेंगे और बस आपको इसमें से होकर संघर्ष करना है जैसे आप कर रहे हैं?"

180 मैं कहूंगा, "मैं बहुत ही खुश हूं कि मैं कह सकता हूं कि मैं उनमें से एक हूं!" दस हजार वर्षों के बाद, उसके बाद क्या? लेकिन यह तो अनन्त है। यह किस तरह आया, भाई? ओह, यह लहू के जरिये से आया है। ये सही

है। इसने एक लंबे रास्ते को तय किया है, और यह परमेश्वर के देहधारी होने के और हमारे बीच में डेरा करने के द्वारा आया:

बहुत पहले एक चरनी में, मैं जानता हूं कि यह वास्तव
  में ऐसा है,
एक बालक ने जन्म लिया ताकि मनुष्यों को उनके पापों
  से बचाये।
यूहन्ना ने उसे किनारे पर देखा, मेमना जो हमेशा के
  लिए है,
ओह, मसीह, जो कलवरी के क्रूस पर चढ़ा।

ओह, मैं उस गलील के मनुष्य से प्रेम करता हूं, गलील
  से,
क्योंकि उसने मेरे लिए बहुत कुछ किया है।
उसने मेरे सारे पापों को क्षमा कर दिया, पवित्र आत्मा
  को भीतर रखा;
ओह, मैं प्रेम करता हूं, मैं उस गलील के मनुष्य से प्रेम
  करता हूं।

वो स्त्री कुंवे पर है, उसने उसके सारे किये हुए पापों
  को बताया, (वो कल, आज और युगानुकाल एक सा
  है।)
और किस तरह उस समय उसके पांच पति थे।
उसके हर एक पाप को क्षमा किया था, और भीतर एक
  गहरी शांति को रख दिया;
वो पुकार उठी, "आओ, इस गलील से मनुष्य को
  देखो!"

ओह, मैं उस गलील के मनुष्य से प्रेम करता हूं, गलील
  से,
क्योंकि उसने मेरे लिए बहुत कुछ किया है।
उसने मेरे सारे पापों को क्षमा कर दिया, पवित्र आत्मा
  को भीतर रखा;
ओह, मैं प्रेम करता हूं, मैं उस गलील के मनुष्य से प्रेम
  करता हूं।

एक चुंगी लेने वाला वहां एक दिन मंदिर में प्रार्थना करने के लिए चला गया,
वो पुकार उठा, “हे प्रभु, मुझ पर दया करे!”
उसके हर एक पाप को क्षमा किया था, और भीतर एक गहरी शांति को रखा;
वो पुकार उठी, “आओ, इस गलील से मनुष्य को देखो!”

मैं इसे पसंद करता हूं। क्या आप नहीं करते?

लंगड़े को चलने को लगाया था, गूंगे को बात करने को लगाया था,
समुद्र पर प्रेम के साथ सामर्थ को बोला गया था;
और अंधे को देखने को लगाया था, मैं जानता हूं कि ये केवल हो सका
उस गलील के मनुष्य की दया से।

इसे मेरे साथ गाये:

ओह, मैं उस गलील के मनुष्य से प्रेम करता हूं, गलील से,
क्योंकि उसने मेरे लिए बहुत कुछ किया है।
उसने मेरे सारे पापों को क्षमा कर दिया, पवित्र आत्मा को भीतर रखा;
ओह, मैं प्रेम करता हूं, मैं उस गलील के मनुष्य से प्रेम करता हूं।

181 क्या आप इसे पसंद नहीं करते है? ओह, प्रभु! यह उत्तम, पवित्र आत्मा का सुसमाचार, ओह, किस तरह से मैं इसे पसंद करता हूं। मैं उसे पूरे ह्रदय से प्रेम करता हूं। और मैं आज रात बहुत खुश हूं कि मैं उनके साथ उस गिनती में हूं, और हम भाई, बहन के नाई एक साथ हैं। बैपटिस्ट, मेथोडिस्ट, प्रेस... कैथोलिक, प्रेस्बिटेरियन, जो कुछ भी और है, परमेश्वर ने हमें जीवन के हर पड़ाव से बाहर निकाला है, और हमें यहां पवित्र आत्मा की इस महान संगति के लिए लाया है। ना ही किसी संप्रदाय से संबंधित है, यह तो उनके ऊपर है कि वे क्या करते हैं, लेकिन हम एक रहस्यमयी राज्य में हैं। हमने पवित्र आत्मा के द्वारा यीशु मसीह के रहस्यमयी देह में

बपतिस्मा लिया हैं। कौन है? मेथोडिस्ट, बैपटिस्ट, प्रेस्बिटेरियन, और जो कोई भी हो, वो आये।

182 यीशु ने कहा, "वे सब जिसे पिता ने मुझे दिया है, मेरे पास आएंगे, और उनमें से कोई भी नहीं छुटेगा, और मैं उन्हें अंतिम दिन पर फिर से जिलाऊंगा।" ओह, प्रभु! हम अक्सर यहां वेदी पर एक पुराना गीत गया करते थे; नहीं जानता कि हम इसे गा सकते हैं या नहीं, "स्थान है, स्थान है, हाँ, वहां स्थान है, मेरे लिए वहां झरने पर स्थान है।" क्या आप उन पुराने गीत को पसंद करते हैं? कोई तो हमें एक स्वर देना, कोई तो जो इसे जानता हो कैसे आरंभ करना है। हमारा पियानोवादक कहाँ पर है? क्या वो बहन यहां है? या भाई टेडी या उनमें से कोई भी यहां है? वे है? ओह, मैं—मैं उसे कहीं नहीं देख पा रहा हूं।

> स्थान है, स्थान है, हाँ, वहां स्थान है,
> वहां तुम्हारे लिए झरने पर स्थान है;
> स्थान है, स्थान है, हाँ, वहां स्थान है,
> वहां तुम्हारे लिए झरने पर स्थान है।

183 क्या आप उन पुराने गीतो को पसंद करते हैं? और मैं भी इसे पसंद करता हूं:

> वहां नीचे क्रूस पर जहाँ मेरा उद्धारकर्ता मरा,
> वहां नीचे पाप से शुद्ध होने के लिए मैं रोया;
> ओह, मेरे हृदय में लहू लगाया गया था;
> उसके नाम की महिमा हो!
>
> उसके नाम की महिमा हो! उसके बहुमूल्य नाम की!
> ओह, महिमा… (आइये अब हमारी आँखें बंद करे और
> इसे गाये।)
> ओह, मेरे हृदय में लहू लगाया गया था;
> उसके नाम की महिमा हो!
>
> मैं बहुत ही अद्भुत रूप से पाप से बच गया,
> यीशु इतनी मधुरता से भीतर बस गया,
> वहां उस क्रूस पर जहां वो मुझे अंदर ले लिया;
> उसके नाम की महिमा हो!

उसके नाम की महिमा हो! उस बहुमूल्य नाम की!
उसके नाम की महिमा हो! बहुमूल्य नाम की!
वहां मेरे ह्रदय में लहू लगाया गया था;
उसके नाम की महिमा हो!

184 अब जब हम इस अगले पद को गाते हैं, तो आपके सामने, आपके पीछे, आपके पास में किसी के साथ हाथ को मिलाये।

इस झरने के पास आओ इतना भरपूर और मीठा;
अपने दीन प्राण को उद्धारकर्ता के चरणों पर निकाल
कर रखो;
ओह, आज ही में डुबकी को लगाओ, और पूरा बन
जाओ;
उसके नाम की महिमा हो!

उसके नाम की महिमा हो! उस बहुमूल्य नाम की!
उसके नाम की महिमा हो!
वहां मेरे ह्रदय में लहू लगाया गया था;
उसके नाम की महिमा हो!

ओह, मैं इसे पसंद करता हूं। क्या आप नहीं करते?

उसके नाम की महिमा हो! बहुमूल्य नाम की!
उसके नाम की महिमा हो!
वहां मेरे ह्रदय में लहू लगाया गया था;
उसके नाम की महिमा हो!

185 ओह, प्रभु! मैं इसके लिए बहुत खुश हूं। क्या आप नहीं हो? बहुत ही ख़ुश कि मैं इस झरने के पास आ सकता हूं, जो इतना भरपूर और मीठा है, अपने निर्धन प्राण को उद्धारकर्ता के चरणों पर निकाल कर रख सकता हूं।

186 मुझे याद है एक दिन, जब एक छोटा सा लड़का, लगभग अठारह वर्ष का था, प्रभु से भाग रहा था। मैं पश्चिम की ओर गया, मैं चाहता था... मेरे पिता एक घुडसवार थे, और मैं चाहता था कि वहां जाकर घोड़ों को दौड़ाऊं। मेरे ह्रदय में बस कुछ तो भूख थी। ओह, मैं आपको बताता हूं!

187 मैं वहां बैपटिस्ट प्रचारक के पास गया, उसने कहा, “उठो और इतना कहो, ‘यीशु परमेश्वर का पुत्र है,’ हम तुम्हारा नाम पुस्तक पर लिख देंगे।” इससे मैं संतुष्ट नहीं हुआ।

188 मैं हर जगह गया कोई तो... सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट, उसे मिलने के लिए गया, एक भला मनुष्य, भाई बार्कर, प्यारा भाई, उसने कहा, “बिली, आओ और प्रभु के सब्त को स्वीकार करो।” (मेरे पास अब है।) लेकिन उसने कहा, “सब्त का दिन।” और मैंने सोचा, “ओह, प्रभु, यह बस अब भी इसे नहीं करते है।” आप देखना।

189 मैं पश्चिम की ओर चला गया, और मैंने सोचा... उस रात वहां पर दूर चला गया, हम यहां–वहां घुड़सवारी करते थे। और, आप जानते हैं, आप काठी (घोड़े के पीठ पर बैठने की सीट) और अपने तम्बू की बैग को लेते है, और इस पर लेट गया, और एक तकिये के लिए अपनी काठी (घोड़े के पीठ पर बैठने की सीट) का उपयोग करते है। और उस रात मैं पीछे देवदार के पुराने पेड के नीचे लेटा था। और मैं दिन के पहरे पर था, और तो वे रात के चरवाहे जो वहां थे, पशुओ को नीचे ला रहे थे। और वहां एक बूढा व्यक्ति था जिसे “स्लिम,” बुलाते, जो टेक्सास से था, वहां उसके पास एक—एक गिटार था और वह बजा रहा था:

उसके नाम की महिमा हो!

190 वहां एक और लड़का था उसके पास कंघी थी, वो कागज के एक टुकड़े के साथ इसे बजा रहा था। [भाई ब्रंहम गनगुनाते है, *उसके नाम की महिमा हो*—सम्पा।] वे अन्य गीत को गा रहे थे, घुड़सवार चरवाहे के गाथा गीत, वे यह गा रहे थे, *नीचे वहां उस क्रूस पर*।

191 ओह! मैं पलट गया, अपने कंबल को *इस* तरह अपने सिर के ऊपर डाल दिया। मैंने वापस बाहर देखा, आप जानते हैं, और दिखाई दे रहा था कि वे तारे नीचे लटक रहे थे, वहां नजदीक उन पेड़ों के और उन पहाड़ों के ऊपर। उन देवदारों के पुराने सनातन की धीमी सी आवाज़, मैं उसे वहां चिल्लाते हुए सुन सकता हूं, “आदम, तू कहां है?”

192 लगभग उसके तीन हफ्ते बाद, मैं वहां शहर में चला गया और सभी चरवाहे नशे में थे, और मैं शराब नहीं पीता। मुझे उन्हें घर ले जाना पड़ता था, उन्हें कार पर, उन्हें किसी भी तरह से कार में ढेर करना पड़ता था। और वे वहां से बाहर निकलकर और एक दूसरे की पैर की उंगलियों पर

गोली मारने लगते, और ऐसा ही सब इत्यादि, और इससे बचना खतरनाक होता; वहां से होते हुए एक सीधी रेखा खींचते, और एक दुसरे से पाँच डॉलर का दांव लगाते, वे इस पर चल सकते है तो, और वे उस तरह से किनारे पर नहीं चल सकते, जैसा आप जानते होगे। और इसी तरह से ऐसा था जब तक कि वे होश में नहीं आ जाते, उनको अपने पैसे मिल जाने के बाद।

193 और मैं वहां नीचे था और वे सारे शराब पी रहे थे, मैं अलग होकर और बैठ गया। मैंने सोचा, "ओह, प्रभु!" लगभग पैंतीस वर्ष पहले, या पैंतीस वर्ष, मैं सोचता हूं, पैंतीस वर्ष पहले। और मैं वहां पर अलग बैठ गया। फीनिक्स तब एक छोटी सी जगह थी, हम वेंकेनबर्ग से वहां पर आए। मैं वहां पर नीचे बैठा हुआ था, और वहां एक छोटी सी स्पेनिश लड़की वहां से पलटकर आ रही थी; और मैं अपने सिर पर इस बड़ी सी टोपी को पीछे रखकर वहां बैठा हुआ था; वह पास से गुजरी और उस छोटे से रूमाल को गिरा दिया, आप जानते हैं। मैंने कहा, "हे, तुमने अपना रूमाल गिरा दिया।" मुझे उसमें कोई दिलचस्पी नहीं थी।

194 मैंने वहां सड़क पर कुछ शोर को सुना, और वहां नीचे चला गया। और एक बूढे चरवाहे ने वहां उससे परिवर्तित करके घोड़ो के बाड़े तैयार किये थे, उसके पूरे चेहरे पर फुंसी के निशान थे, और उसके गालों पर आसूं बह रहे थे, एक गिटार बजाते हुए गा रहा था:

उसके नाम की महिमा हो!

195 ओह, प्रभु! उसके गालों पर आसूं बहते जा रहे थे, वो रुक गया और कहा, "भाई, तुम नहीं जानते कि यह क्या है जब तक तुम इस अद्भुत मसीह को प्राप्त नहीं कर लेते हो":

उसके नाम की महिमा हो!

196 और मैंने उस बड़ी टोपी को नीचे उतार लिया और दूर चला गया। ओह प्रभु! आप उससे छिप नहीं सकते। आपको बस जितना हो सके पूरी तरह से बाहर आकर और उसे अंगीकार करना है। ओह, वह अद्भुत है! जी हां, वह है।

मैं बहुत ही अद्भुत रूप से पाप से बच गया,
यीशु इतनी मधुरता से भीतर बना रहता है, (भीतर *बना रहता है*)
वहां उस क्रूस पर जहां उसने मुझे अंदर ले लिया;
उसके नाम की महिमा हो!

उसके नाम की महिमा हो! नाम की!
उसके नाम की महिमा हो!
ओह, मेरे ह्रदय में लहू को लगाया गया था;
उसके नाम की महिमा हो!

ओह, इस झरने के पास आओ इतना भरपूर और मीठा;
अपने निर्धन प्राण को उद्धारकर्ता के चरणों पर निकाल कर रखो;
ओह, आज ही में डुबकी लगाओ, और पूरा बन जाओ;
महिमा हो...

आइये अब हमारे सिर को झुकाये, अभी हमारे हाथ को ऊपर उठाये:

उसके नाम की महिमा हो! (महिमा महिमा!)
(हे परमेश्वर ।) ... बहुमूल्य नाम!
वहां मेरे ह्रदय में लहू को लगाया गया था;
उसके नाम की महिमा हो!

197 परमेश्वर की महिमा हो! आइये खड़े हो जाये। ओह, बस एक मिनट; बस, जरा रुकना... [एक बहन अन्य जुबान में बोलती है। एक भाई एक अनुवाद को करता है—सम्पा।] हाँ, प्रभु।

198 अब, वहां यदि कोई ऐसा होगा जो नहीं जानता होगा कि वह क्या था, यह पेंटीकोस्ट है, पवित्र आत्मा बोल रहा है। यीशु ने कहा, "सारे संसार में जाकर, सुसमाचार का प्रचार करो। ये चिन्ह उनके पीछे जायेंगे जो विश्वास करते हैं। वे नई जुबान के साथ बोलेंगे; वे बीमारों पर हाथ रखेंगे, वे चंगे हो जाएंगे।" ये सारी बातें जो वह बोलता है, ये पूरी हो जायेगी।

199 ओह, मैं बहुत खुश हूं। क्या उस वचन की पुष्टि करते हुए पवित्र आत्मा को आते हुए देखते है? एक उजियाला, इसे ले लो, इसे संदेह ना—ना करे। बस इसे ग्रहण करें और वो एक आपके साथ बालक के नाई व्यवहार

करेगा और आपको सही तरीके से लेकर आएगा। क्या पवित्र आत्मा का ऐसा करना मधुर नहीं है? पवित्र आत्मा हम पर है।

200 मुझे बाइबल में एक समय याद है, वे नहीं जानते थे कि किस तरह से वो बात आ रही है, शत्रु आ रहा था, और पवित्र आत्मा उस तरह से एक व्यक्ति पर उतर आया, और उन्हें बताया बस बिल्कुल ठीक कहां जाना है। और वे वहां चले गए, और परमेश्वर ने दूसरी सेना को गड़बड़ी में डाल दिया और उन्हें पराजित कर दिया। ये सही है।

201 ओह, हम अब भी बाइबल के दिनों में रहते हैं! क्या हम नहीं रहते? आमीन। हमेशा ही, जब तक पवित्र आत्मा वहां पर है।

202 ओह, आइये हम खड़े हो जाये जैसे हम गाते हैं:

> यीशु के नाम को साथ... (संदेश को याद रखें)
> दु:ख और शोक की संतान;
> ये आपको आनंद और दिलासा देगा,
> इसे ले जहाँ कही तुम जाते हो।
>
> बहुमूल्य नाम, बहुमूल्य नाम,
> ओह कितना प्यारा!
> धरती की आशा और स्वर्ग का आनंद;
> बहुमूल्य नाम, वो बहुमूल्य नाम!
> कितना प्यारा!
> धरती की आशा और स्वर्ग का आनंद।
>
> यीशु के नाम को अपने साथ ले,
> हर फंदे से एक ढाल के नाई;
> जब परीक्षाये इर्द–गिर्द तुम्हारे बढ़ती है,
> उस पवित्र नाम का प्रार्थना में उच्चारण करें। (परमेश्वर की स्तुती हो!)
>
> बहुमूल्य नाम,
> ओह कितना प्यारा!
> धरती की आशा और स्वर्ग का आनंद;
> बहुमूल्य नाम, बहुमूल्य नाम, ओह कितना प्यारा!
> धरती की आशा और स्वर्ग का आनंद।

इस पद को सुनना:

यीशु के नाम को अपने साथ ले,
हर एक फंदे से एक ढाल के नाई;
जब परीक्षाये इर्द–गिर्द तुम्हे समेटती हो,
उस पवित्र नाम का प्रार्थना में उच्चारण करें।

ओह, आइये इसे फिर से गाएं:

यीशु के नाम को अपने साथ ले,
हर एक फंदे से एक ढाल के नाई;
जब परीक्षाये इर्द–गिर्द तुम्हारे बढ़ती है,
उस पवित्र नाम का प्रार्थना में उच्चारण करें।

आइए अब अपने सिर को झुकाये:

बहुमूल्य नाम, बहुमूल्य नाम, ओह कितना प्यारा!
धरती की आशा और स्वर्ग का आनंद;
बहुमूल्य नाम, वो बहुमूल्य नाम! कितना प्यारा!
धरती की आशा और स्वर्ग का आनंद।

सरदीस कलीसिया युग HIN60-1209

(The Sardisean Church Age)

यीशु मसीह के प्रकाशन की श्रृंखला

यह सन्देश हमारे प्यारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में शुक्रवार शाम, 9 दिसंबर, 1960 को ब्रन्हम टेबरनेकल, जेफ़रसनविले, इंडियाना, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकोडिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकोडिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2020 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org